● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 136, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 23 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राज्य का दर्जा दिलाने हेतु फारुख सख्त 5

अभिषेक ने 33 गेंदों में जड़ा शतक 6

## वनों का संरक्षण एवं संवर्धन पहली प्राथमिकता : डॉ. यादव

### 35 लाख लोगों को मिला आजीविका का साधन, डिजिटल हो रहे हैं मध्यप्रदेश के जंगल



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के वनों के संरक्षण एवं संवर्धन को पहली प्राथमिकता में रखा गया है। वनों को हरा-भरा रखने के लिये अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अब प्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ रहा है और ओपन फारेस्ट कम हो रहा है। मध्यप्रदेश वनों में हर्बल औषधियों का भी खजाना है। वर्ष 2024-25 में वन विभाग 6 करोड़ से अधिक की हर्बल औषधियों की आपूर्ति आयुष विभाग एवं सरकारी संस्थानों को कर चुका है। मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता, विशेष वन एवं वन्य प्राणियों की विविधता के लिये जाना जाता है। यहां वनों के रहने और नदियों के बहने का भी संबंध है। वनों की गोद से निकली सोन, नर्मदा, ताप्ती, चंबल के साथ सिंध, बेतवा, केन, धसान, तवा, क्षिप्रा और कालीसिंध जैसी नदियां जन-जीवन को जीवन दे रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में वनों से निकलने वाले तेन्दूपत्ता से 15 लाख परिवारों की आजीविका चल रही है। इससे 35 लाख लोग जुड़े हुये हैं, जिनमें 15 लाख पुरूष और 20 लाख से अधिक महिलाएं हैं। प्रदेश के वनों से हर वर्ष 12 लाख बोरा से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। प्रदेश सरकार ने तेन्दूपत्ता संग्रहण करने वालों का पारिश्रमिक 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। वनोपजों के संग्रहण एवं विपणन के अधिकार ग्राम सभाओं को दिये गये हैं। तेन्दूपत्ता का संग्रहण एवं विपणन मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ मर्यादित के माध्यम से कराया जाता है।

प्रदेश के 20 जिलों की कुल 243 ग्राम सभाओं द्वारा स्वयं सग्रहण एवं विपणन किया जाता है। लघु वनोपज का स्वामित्व ग्राम सभाओं को सौंपा गया है। प्रदेश में लघु वनोपज व्यवसाय से ग्रामीणों को उचित लाभ दिलाने के लिये अनेक नीतिगत निर्णय लिये गये हैं। लघु वनोपज के अंतर्गत तेन्दूपत्ता के व्यवसाय से होने वाली सम्पूर्ण शुद्ध आय प्राथमिक सहकारी वनोपज समितियों को उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के वन क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिये वन विभाग की नई कार्ययोजना में 50 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र को टारगेट किया गया है इसके लिये 5 साल की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना के अंतर्गत नेशनल मिशन फॉर ए ग्रीन इंडिया के तहत वातावरण तैयार किया जाना है। इसमें वनों पर आधारित 30 लाख परिवारों की आजीविका को सुधारने का लक्ष्य है। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक 200 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है इससे 29 हजार 876 हेक्टेयर क्षेत्र को उपचारित कर 70 लाख 37 हजार 589 पौधों का रोपण किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि जंगल के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने के लिये नगर वन तैयार किये जा रहे हैं। प्रदेश में इस तरह के 100 नगर वन विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 26 नगर वन तैयार हो चुके हैं और 29 नगर वन बनाये जाने का काम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर वन विभाग जंगल को पूरी तरह से डिजिटल करने में जुटा हुआ है इससे जंगल में होने वाली कोई भी घटना की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारी तक पहुंच जायेगी।

## भारत के साथ चलने से पड़ोसी देशों को फायदा, नहीं तो नुकसान : जयशंकर

### बोले- पाकिस्तान की बात अलग, वहां भारत विरोधी सेना देश चला रही

**नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हर पड़ोसी को समझना चाहिए कि भारत के साथ मिलकर चलने से फायदा और दूरी बनाने से नुकसान है। हालांकि, पाकिस्तान एक अपवाद है, वहां की सेना की सोच भारत विरोधी है और वो ही वहां देश चलाती है।

डीडी इंडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में हर बार सब कुछ आसान नहीं मिलेगा। हालांकि, भारत ने ऐसा माहौल बनाया है जिसमें सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाती है ताकि सरकारें बदलें, फिर भी रिश्ते मजबूत रहें। चीन के बारे में उन्होंने कहा कि गलवान झड़प के बाद भारत ने बॉर्डर पर खड़े रहने की नीति अपनाई है। पहले बड़ी गलती थी कि हम सीमा पर ढांचा ही नहीं बना रहे थे। लेकिन अब भारत स्ट्र पर अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

जयशंकर ने ऑपरेशन सिंधु और यूक्रेन संकट के दौरान ऑपरेशन गंगा का जिक्र करते हुए भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका पर भी जोर दिया।

अमेरिका पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के रूख का कभी भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। हालांकि, हम अमेरिका के साथ अच्छे रिश्ते बना रहे हैं।

पाकिस्तान और आतंकवाद पर- 26/11 मुंबई हमले ने बड़ा बदलाव लाया। मोदी सरकार आने के बाद भारत की नीति बदली।

अनुच्छेद 370 पर- हमारी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाया था, यह आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई थी, जो कि एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं।

चीन पर- हमने अपनी रणनीति बदली है, अब भारत स्ट्र पर अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

पड़ोसी देशों पर- श्रीलंका, मालदीव और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में सत्ता परिवर्तन के बावजूद भी हमारे रिश्ते बेहतर होते जा रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंधु- ईरान से 290 और नागरिक भारत पहुंचे

### अब तक 1,117 भारतीय स्वदेश लौटे, प्लेन से उतरते ही वंदे मातरम के नारे लगाए



**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन शनिवार की रात 11:30 बजे 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था।

वहीं 20 जून को रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे थे। रात 10:30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों की वापसी हुई थी। इनमें दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी लोग थे। देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे।

19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर वन्दे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए थे। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन पर माथा टेका।

मोहम्मद अशफाक- अपने देश लौटकर अच्छा लग रहा है। वहां भारतीय दूतावास ने हमारी अच्छी देखभाल की, मैं उनका शुक्रगुजार हूं।

उस्ताक- मैं कश्मीर से हूं। ईरान में हालात ठीक नहीं हैं। हम भारत सरकार, कश्मीर प्रशासन और दूतावास के बहुत शुक्रगुजार हैं।

सैयद निहाल हैदर- भारत वापस आकर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। जब हम वहां थे, तो लगा जैसे फंस गए हैं। लेकिन भारतीय सरकार ने हमारे लिए बहुत अच्छे इंतजाम किए।

फातिमा- मैं प्रधानमंत्री मोदी की बहुत आभारी हूं। अब अपने देश वापस आकर मुझे शांति महसूस हो रही है। अपने वतन वापस आना बहुत खुशी की बात है।

## आरआईएसई 2025 कॉन्क्लेव का आयोजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 27 जून को रतलाम में आयोजित होने जा रहा आरईएसई 2025 कॉन्क्लेव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा। यह आयोजन प्रदेश में उद्यमिता, रोजगार और नवाचार की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 350 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 35 से अधिक औद्योगिक अधोसंरचना परियोजनाओं, क्लस्टरों और विभागीय भवनों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे।

## नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया और इसे पूरा करके ही रहेंगे : शाह



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज रविवार को नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अस्थायी परिसर और आई-हब रायपुर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। एनएफएसयू के अस्थायी परिसर के साथ-साथ नवा रायपुर में स्थायी परिसर के लिए भूमि पूजन एवं केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना की भी शुरुआत की गई है। कुल 268 करोड़ रुपये की लागत से ये संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। अस्थायी परिसर में सत्र 2025-26 से बीएससी, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मनोविज्ञान, डिजिटल फॉरेंसिक एवं प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ हो जाएंगे। लगभग 180 छात्र पहले बैच में प्रवेश लेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इन संस्थानों के निर्माण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत को आधुनिक न्याय प्रणाली और अपराध जांच में सशक्त आधार मिलेगा। नई फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी, जैसे डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, एलएसडी साइंस, साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी और डिजिटल फॉरेंसिक अब स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी, जिससे जाँच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। उन्होंने बताया कि अब फॉरेंसिक जांच के लिए राजधानी या दिल्ली की आवश्यकता नहीं होगी, सारी जांच अटल नगर, नवा रायपुर में ही संभव होगी।

## टेक होम राशन घोटाले में लोकायुक्त की जांच शुरू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी और बैंस के करीबी, आजीविका मिशन के पूर्व सीईओ ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह प्राथमिक जांच होने के बाद अगर प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार का मामला सामने आएगा, तब आपराधिक प्रकरण की जांच शुरू होगी। अभी प्राथमिकी दर्ज करने से पहले की जांच शुरू हुई है। पूर्व विधायक पारस सखलेचा ने नयंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में मध्य प्रदेश में वर्ष 2018-19 से 2021-22 के बीच टेक होम राशन (टीएचआर) घोटाला उजागर होने के बाद लोकायुक्त संगठन में बैंस और ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ शिकायत की थी।

## एअर इंडिया ने सिंगापुर की दो फ्लाइट सस्पेंड की

### 19 घरेलू रूट पर फ्लाइट्स की संख्या घटाई

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने तीन फ्लाइट्स को 15 जुलाई तक अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया है। इसमें दो इंटरनेशनल फ्लाइट बेंगलुरू से सिंगापुर, पुणे से सिंगापुर की हैं। वहीं एक डोमेस्टिक फ्लाइट है, जो मुंबई से बागडोगरा चलती है। एयरलाइन ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि, वे 19 रूट पर चलने वाली डोमेस्टिक फ्लाइट्स की संख्या भी घटा रहे हैं। उधर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। उधर एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एअर इंडिया की फ्लाइट्स ईरान, इराक और इजराइल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं जाएगी।

## राजस्थान में दिल्ली-गुजरात हाईवे पर पानी भरा, जोधपुर में कार बही, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में तेज बारिश का दौर जारी है। प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। इस वजह से सिरोही जिले में दिल्ली-गुजरात नेशनल हाईवे पर पानी भर गया। वहीं, जोधपुर में पुलिया पर पानी के बीच से निकल रही कार नाले में गिर गई। पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई।



मध्य प्रदेश के चित्रकूट में शुक्रवार रात से हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए। गुप्त गोदावरी पहाड़ी पर पानी का बहाव तेज होने से श्रद्धालुओं की एंट्री रोक दी गई है। गुना जिले के फतेहगढ़ में कोहन नदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली बहने से तीन युवकों की मौत हो गई।

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पालकी हॉल से एम्बुलेंस गेट तक निर्मित टनल परिसर की छत का पीओपी रविवार सुबह 8 बजे अचानक गिर गया। कुछ दिन से टनल परिसर की छत से पानी का रिसाव हो रहा था, जिससे पीओपी छत से गिर गई। 19 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट, ओडिशा में बाढ़ जैसे हालात मानसून का अब केवल दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में ही पहुंचना बाकी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 19 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड समेत आठ राज्यों में यलो अलर्ट है। दिल्ली में शनिवार शाम जोरदार बारिश हुई। ओडिशा के बालासोर जिले में सुवर्णरेखा नदी में अचानक आई बाढ़ से 50 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। नदी का जलस्तर खतरे के निशान (10.36 मीटर) को पार कर गया है। 23 जून को हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण गोवा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

## पहलगाम हमला : आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ह्ह्ध की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे।

एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुनकर निशाना बनाया था।

## लालू यादव ही बने रहेंगे अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल ने जब से अपने नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया है, तब से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की चर्चा भी शुरू हो गई है। कयास लगाया जा रहा था कि बढ़ती उम्र और बीमार रहने के कारण लालू प्रसाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ देंगे। लेकिन, ऐसा नहीं है। अब इन कयासों पर विराम लग गया है। राजद के वरिष्ठ नेता और प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दकी ने स्पष्ट कर दिया है कि लालू प्रसाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। अभी वह पूरी तरह फिट हैं। इसलिए वह सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## चुनाव से पहले शिवसेना-मनसे गठबंधन की चर्चा तेज

### संजय राउत बोले- फैसला सिर्फ ठाकरे भाइयों का होगा

**मुंबई** । मुंबई में आगामी नगर निगम चुनावों से पहले शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के बीच संभावित गठबंधन की अटकलें तेज हो गई हैं। इस पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को स्पष्ट किया कि इस बारे में अंतिम फैसला सिर्फ उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ही लेंगे।




पत्रकारों से बातचीत के दौरान संजय राउत ने कहा कि मनसे के कुछ नेता जो गठबंधन का विरोध कर रहे हैं, वे राजनीति में हाल ही में आए हैं। उन्हें बोलने का कोई अधिकार नहीं है। राउत ने कहा कि मैं वर्षों से ठाकरे भाइयों को करीब से जानता हूं और मुझे अच्छी तरह पता है कि क्या होगा और क्या नहीं। बता दें कि यह बयान मनसे नेता संदीप देशपांडे की आलोचनात्मक टिप्पणी के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधा था। जहां हाल ही में राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुंबई के एक होटल में मुलाकात की थी, जिससे यह चर्चा और तेज हो गई कि वे भाजपा के साथ फिर से हाथ मिला सकते हैं।

## अमेरिका ने बताया-ईरान के एटमी ठिकानों पर हमला कैसे किया

### 125 जेट भेजे, इनमें 7 बी 2 बॉम्बर, 3 न्यूक्लियर साइट्स पर 14,000 किलो के दर्जनभर बम गिराए

**तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिका ने ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ।



ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे।

इस ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर 13,608 किलो वजनी बस्टर बम गिराए। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स ओबीलिटेरिएट यानी कि पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 10वां दिन है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं।

हालांकि ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 21 जून तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

मैक्सार टेक्नोलॉजीज ने फोर्ड न्यूक्लियर फैसिलिटी की एक और सैटेलाइट इमेज जारी की है। इसमें फोर्डो साइट पर नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। तस्वीर में पहाड़ पर 6 बड़े गड्ढ़े नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि ये गड्ढे बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स द्वारा गिराए गए 30,000 पाउंड के जीबीयू-57 बमों की वजह से बने हैं। ये बम खास तौर पर कठोर सुरंगों और भूमिगत ठिकानों को भेदने के लिए बनाए गए हैं। ईरान की संसद ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इस फैसले को अंतिम मंजूरी ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल देगी।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे अहम समुद्री चोकपॉइंट में से एक है। यह ओमान की खाड़ी, ओमान, ईरान, पाकिस्तान और यूएई के बीच है।

# माननीय के निरीक्षण के बाद भी नही सुधरी ट्रामा सेंटर की बदहाल व्यवस्था

## सिविल सर्जन व्यवस्था सुधारने में हो रहे नाकाम, कलेक्टर व विधायक के निर्देश का अमल नही



**सिंगरौली।** जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो चुकी है। जिसके चलते लगातार जिला चिकित्सालय की व्यवस्था को लेकर सरकार एवं सीएस की किरकिरी हो रही है। जबकि दो दिन पूर्व विधायक व कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण भी किया था। दरअसल जिला चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था बेपटरी पर है। वही दोनों लिफ्ट कई महीने से खराब हैं। जिसका आज तक मरम्मत नही हो पाया है। यहां डीजी भी है, लेकिन जानकारी होने के बावजूद सिविल सर्जन के द्वारा मरम्मत कार्य भी नही कराया गया। जबकि इलेक्ट्रिशियन रमेश शर्मा के द्वारा सिविल सर्जन को लिखित तौर पर 27 फरवरी को ही अवगत करा दिया गया। इसके बावजूद सिविल सर्जन ने डीजी को सुधरवाने के लिए कोई जहमत भी नही उठाया। यहां बताते चले कि गुरूवार की शाम के वक्त विधायक रामनिवास शाह , कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, एसडीएम ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते हुये वहां के मिली कमियों को दूरूस्थ करने के लिए सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद जिला चिकित्सालय की व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। बिजली गुल होने के बाद जिला चिकित्सालय में अभी भी अंधेरा छा जाता है। डीजी भी नही बना है और यहां तक कि सफाई व्यवस्था के ठेकेदार सेडमैप कंपनी खाली पानी से ही अस्पताल परिसर में पोछा लगवाती है। उक्त कंपनी के सफाई कर्मी बताते हैं कि ठेकेदार के द्वारा सामग्री ही नही दी जाती है। जिसके कारण यह व्यवस्था बद से बदतर हुई है। इधर ट्रामा सेंटर में दो पुलिस कर्मियों को भी लगाने के निर्देश दिये गये थे। जहां एएसआई प्रेम सागर पटेल एवं सैनिक हीरा तिवारी की ड्यूटी लगा दी गई है। फिलहाल जिला चिकित्सालय की लचर व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन की कार्यप्रणाली लगातार घिरती जा रही है।

## बंगाली डॉक्टर ने किया ईलाज, महिला की हो गई मौत

**सिंगरौली।** खुटार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम जरौंधी निवासी एक बीमार महिला झोलाछाप चिकित्सक के यहां ईलाज करा रहा था कि बीती शनिवार की शाम उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजनों का आरोप है कि बंगाली डॉक्टर के ईलाज से महिला की मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामजी रावत पिता बुद्धूलाल रावत ने रिपोर्ट किया है कि पत्नी गुड्डु रावत को बीमार होने पर बंगाली डॉक्टर के यहां ईलाज कराया जा रहा था। जहां शनिवार की रात करीब 9 बजे महिला गुड्डु की मौत हो गई। मृतिका के पति रामजी का आरोप है कि गलत ईलाज के चलते मौत हुई है। पीड़ित के सूचना पर चौकी प्रभारी खुटार ने मर्ग कायम करते हुये जांच की जिम्मेदारी प्रधान आरक्षक ने सौंप दिया है। यहां बताते चले कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल बिछा हुआ है। फर्जी डिग्री के सहारे कई गांवों में क्लिनिक खोलकर गरीबों को मौत के मुॅह में धकेल दे रहे हैं।

# होनहार बेटी समृद्धि ने अपनी काबिलियत दिखा दी : राजेन्द्र



## नीट परीक्षा में उत्तीर्ण समृद्धि के घर पहुंचे विधायक, लक्ष्मीबाई स्कूल की है छात्रा, बधाई देने वालों का लगा तांता

**सिंगरौली**

पिछले सप्ताह नीट परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया। जहां बरगवां के महारानी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा समृद्धि तिवारी ने परीक्षा को क्वालीफाईड किया है। छात्रा के इस उपलब्धि पर देवसर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने आज समृद्धि तिवारी पिता प्रमोद तिवारी के घर पहुंच बधाई दिये। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह नीट 2025 टेस्ट परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ था। इस परीक्षा परिणाम में बरगवां एमएलबी स्कूल में अध्ययनरत छात्रा समृद्धि तिवारी ने परीक्षा उत्तीर्ण की। समृद्धि तिवारी को 527 अंक मिले और ऑल इंडिया में रैंक 25795वां हासिल था। विधायक ने आज समृद्धि के आवास बरगवां पहुंच बधाई देते हुये विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 11 हजार रूपये देकर सम्मानित किये। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारे यहां भी होनहार बेटियां भी हैं। जो परिवार को गौरवांवित करते हुये जिले का नाम रौशन कर रही हैं। सच्चे मन से परिश्रम करने वालों को कभी असफलता हाथ नही लगती है। नीट परीक्षा में बेटी समृद्धि ने अपनी काबिलियत को सामने ला दिया है। इस अवसर पर भाजपा मण्डल के अध्यक्ष एवं महामंत्री समेत अन्य कार्यकर्ता तथा समृद्धि के पिता प्रमोद तिवारी व्याख्याता शाउमा विद्यालय बगरवां भी मौजूद रहे।

# तालाब पर अवैध कब्जा का मामला पकड़ा तूल

## वन विभाग शर्मा कॉलोनी बैढ़न का मामला, कांग्रेसियों ने सौपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा के द्वारा शर्मा कॉलोनी बैढ़न शासकीय तालाब के मेढ़ में हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रोके जाने कलेक्टर के नाम एसडीएम सिंगरौली को ज्ञापन सौपा गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शर्मा कॉलोनी बैढ़न वार्ड क्रमांक 39 आरजी ग्राम बैढ़न के खसरा नंबर 784, 785 शासकीय नगर पालिका निगम सिंगरौली के भूमि में बने तालाब के मेढ़ के बीचो-बीच कुछ असामाजिक तत्व अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिसके देखा देखी अन्य लोग भी अवैध निर्माण कार्य निश्चित रूप से करेंगे एवं तालाब की सौंदर्य करण प्रभावित होगा। अगर समय पर रोक नहीं लगाया जाता है तो शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरी हो जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। सुदामा प्रसाद कुशवाहा ने पत्र देकर मांग किया है कि शर्मा कॉलोनी बैढ़न वार्ड नंबर 39 शासकीय तालाब के मेढ़ में अवैध निर्माण कार्य करने से रोक लगाया जाए अन्यथा की स्थिति में उच्च न्यायालय जबलपुर में आम जनमानस पिटीशन दायर करने के लिए बाध्य होंगे। उक्त अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह चंदेल, संगीता सिंह, डॉ. एचएल प्रजापति, लखनलाल शाह, सुषमा वर्मा, हरिश्चंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र साकेत, उसैद हसन सिद्दीकी सहित अन्य मौजूद रहे।

# दो किशोरियों का अपहरण करने वाला 8 वर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार

## सोनभद्र के कर्री से पुलिस ने घेराबंदी कर किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** जियावन थाना क्षेत्र के सजहर गांव के दो बालिकाओं को अपहरण कर दूसरे राज्य में लेकर फरार होने वाले एक ईनामी स्थाई वारंटी को पुलिस ने सोनभद्र के कर्री गांव में घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना जियावन के कपूर त्रिपाठी के अनुसार ग्राम सजहर के 2 नाबालिक लड़कियों को दो व्यक्तियों ने स्कूल जाते समय ग्राम नौढ़िया बाजार से अपहृत करके बाहर दूसरे राज्य में लेकर चले गये थे। परिजनों के रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर जियावन पुलिस के द्वारा कड़ी मशक्कत करने बाद 10 महीने के बाद दो नाबालिक लड़कियों को दस्तयाब कर विधिक कार्यवाही के बाद मामले में धारा 366,376(2),506 भादवि एवं 4/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी ओमप्रकाश सोनी निवासी नौढ़िया आबाद थाना जियावन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जबकि उसका साथी प्रेमचन्द्र कुशवाहा पिता हरखलाल कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी कर्री का फरार हो गया था। न्यायालय के द्वारा उपरोक्त फरार आरोपी के विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया जाकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने नगद ईनाम उद्घोषित किया । मामले में फरार आरोपी प्रेमचन्द्र कुशवाहा पिता हरखमन कुशवाहा निवासी कर्री सोनभद्र को गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम रवाना हुई और रेड कार्यवाही करते हुये 21 जून को गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश करके जेल भेजा गया । उक्त कार्रवाई में उनि विनय शुक्ला, आर दिनेश कुमार, राहुल यादव, रूपेश अलावा, जयांजली दुबे का सराहनीय योगदान रहा ।

## मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं बाल संरक्षण के प्रभावी क्रियान्वय हेतु समस्त परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों,वन स्टाप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, संप्रेक्षण गृह, शिशुगृह आदि के अधिकारियों, कर्मचारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग श्री अखिलेश मिश्रा ने बाल संरक्षण के सम्बन्धित जानकारियों से अवगत कराया।

# अज्ञात कारणों से युवती ने लगाई फांसी, जांच में जुटी मोरवा पुलिस

**सिंगरौली**

बीती शनिवार-रविवार की दरमियानी रात मोरवा थाना क्षेत्र के भगत सिंह कॉलोनी स्थित एक आवास में एक करीब 20 वर्षीय युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना की सूचना अल सुबह स्थानीय लोगों को लगी तो उन्होंने मोरवा पुलिस को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि युवती ने निवस्त्र होकर फांसी लगाई है। जिस कारण से यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिन रविवार सुबह सूचनाकर्ता दीपांजलि पनिका पिता स्वर्गीय उपेंद्र दास पनिका ने मोरवा थाने में तहरीर दर्ज कराई कि वह छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले की रहने वाली है और यहां अपनी बहन के साथ भगत सिंह कॉलोनी स्थित मो. आसिफ के किराए के मकान में रहा करती थी। बीते दिन उसकी छोटी बहन पुष्पांजलि पनिका भोपाल से अध्ययन कर लौटी थी। इसके बाद वह घर पर अकेली ही थी, क्योंकि उसकी बहन दीपांजलि दवा लेने बनारस मो. आसिफ के साथ चली गई थी। रास्ते में कई बार फोन करने के बाद भी उसने अपनी बहन दीपांजलि का फोन नहीं उठाया और देर रात करीब 2 बजे उसकी बहन का फोन बंद आ रहा था। जिसकी सूचना सुबह पड़ोसियों को दी गई। जिन्होंने घर की खिड़की से झांक कर देखा तो पुष्पांजलि ने दुपट्टे से फांसी लगा रखी थी। उसके वदन पर नाम मात्र का एक अंगवस्त्र था। स्थानीय महिलाओं ने चद्दर लपेट के उसके वदन को ढका। जिसके बाद इसकी सूचना मोरवा पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पाकर मोरवा थाना प्रभारी के निर्देश पर पहुंची मोरवा पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर लिया। वहीं उसके परिजनों के इंतजार में देर शाम तक शव वहीं पड़ा रहा। पुलिस के अनुसार उनके परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। इस मामले पर सूत्र बताते हैं कि यह आशनाई का मामला हो सकता है। बताया जाता है कि पुष्पांजलि का प्रेम प्रसंग किसी लड़के के साथ था। संभव है कि प्यार में धोखा खाई हो। इन्हीं कारण से उसने आत्महत्या कर ली होगी। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच करने में जुटी है।

# हमे प्रतिदिन योगा अभ्यास करना चाहिए : संजय



**सिंगरौली।** जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग दिवस पर आयोजन वैश्विक थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग के अन्तर्गत बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। उत्साह के साथ 20 एवं 21 जून को बच्चों एवं बड़ों का योग दिवस आयोजित किया गया।

योग गुरू एवं कम्पनी के सेफ्टी ऑफिसर के द्वारा योग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, इसके साथ ही अन्य आसनों का दैनिक जीवन में महत्व एवं लाभ के बारे बताया। उन्होंने कहा निरोग कया स्वस्थ जीवन का आशय है। इस अवसर पर यूनिट हेड मेजर जनरल संजय थापा पीवीएसएम ने विश्व योग दिवस पर लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि हमे प्रतिदिन योगा अभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विनीत अमोला , नितेश कुशवाहा अधिकारी एवं राकेश द्विवेदी ने किया और सभी का आभार व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी नीरज श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक एचआर एवं जनसम्पर्क ने दी है।

# नाइट कॉम्बिंग गस्त में पुलिस ने 69 वारंटियों को किया गिरफ्तार

## 150 निगरानी गुण्डा बदमाशों को पुलिस ने जांचा



**सिंगरौली।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में बीती रात जिलेभर में औचक नाइट कॉम्बिंग गस्त की गई।

जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित कर नाइट कॉम्बिंग गस्त का संचालन किया गया। उक्त नाइट कॉम्बिंग गस्त के दौरान 7 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, जो लंबे समय से फरार थे। 69 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। 79 निगरानी बदमाशों एवं 71 गुण्डा बदमाशों की जांच की गई। 2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अवैध शराब जप्त की गई।

### इन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए स्थाई वारंटी में थाना बैढ़न बच्चा उर्फ राजेश कोल पिता बाकेलाल कोल उम्र 7 वर्ष से फरार, थाना विंध्यनगर गंगाधर पिता इंद्रजीत चमार उम्र 14 वर्ष , थाना जियावन शिवलाल साहू पिता मानबहोर साहू 9 वर्ष , प्रेमचंद्र कुशवाहा पिता हरकमन कुशवाहा उम्र 5 वर्ष, थाना सरई सूरज सागर पिता उदय पाल अगरिया 2 वर्ष, चौकी निगरी रघुवंश लाल पिता रामलाल विश्वकर्मा उम्र 4 वर्ष, जय करन साहू पिता रामचरण साहू उम्र 4 वर्ष से फरार के ऊपर कार्रवाई की गई।

# शासकीय मॉडल कॉलेज रम्पा में योग अभ्यास का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** स्थानीय स्व. रामचरित्र स्मृति शासकीय आदर्श महाविद्यालय रम्पा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर सामूहिक योग दिवस का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी शैक्षिक, गैर-शैक्षणिक स्टाफ और सभी संकाय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में सभी सहभागी और अतिथियों का सुबह 6 बजे आगमन हुआ। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा योग अभ्यास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के समबन्ध में उद्बोधन दिया गया। प्राचार्य और अतिथियों के उद्बोधन के द्वारा योग का हमारे जीवन में महत्व के साथ-साथ योग शरीर को मजबूत बनाता है, मन को शांत करता है और दैनिक जीवन में जागरूकता व जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाता है। यह जागरूकता व्यक्ति को स्वस्थ और अधिक टिकाऊ जीवन शैली चुनने की अनुमति देती है। इस प्रकार की जानकारी प्रदान की गयी। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों के उद्बोधन का लाइव प्रसारण का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थी, स्टाफ और अतिथियों के द्वारा सामान्य योग अभ्यास 7 बजे से 7:30 बजे तक किया गया।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का पंजीयन 25 से 18 जुलाई तक

मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता




**सिंगरौली।** म.प्र. पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परस्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं अन्य से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज का आयोजन पिछले 9 वर्षो से किया जा रहा है। इस बार 25 से 18 जुलाई तक उक्त प्रतियोगिता के लिए पंजीयन होगा। यहां बताते चले कि उक्त पर्यटन क्विज का आयोजन म.प्र. के समस्त जिलों में एक साथ व एक ही तिथि को किया जाता है। स्कूल शिक्षा विभाग के निरन्तर सहयोग से यह आयोजन एक उत्सव का रूप ले चुका है, जिसमें प्रतिवर्ष छात्र-छात्राओं को इस प्रतियोगिता की प्रतीक्षा रहती है। वर्ष 2024 में आयोजित पर्यटन क्विज में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय लगभग 7300 स्कूल के 21900 अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की है। स्कूल शिक्षा विभाग तथा प्रत्येक जिले में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग एवं समन्वय से यह आयोजन अत्यन्त सफल रहा है। म.प्र. शासन पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला में कलेक्टर को पत्र लिखकर आगामी म.प्र. पर्यटन क्वि ज प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में अवगत कराया है। जहां 25 जून से पंजीयन कार्य शुरू होगा और 18 जुलाई तक टूरिज्म बोल्ड की वेबसाईट पर ऑनलाईन किया जाएगा। जहां जिला स्तर पर अधिक से अधिक हाई एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के पंजीयन के लिए संबंधित जनों को निर्देशित करने के लिए कहा है।

# मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग का जिले में भ्रमण

## आयोग की सदस्य श्रीमती पवार ने किया अरूणोदय सेवा संस्था बाल गृह पड़रा का निरीक्षण



**सीधी।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग भोपाल की सदस्य श्रीमती मेघा पवार का दिनांक 21 जून से 24 जून 2025 तक जिला-सीधी एव सिंगरौली का पूर्व से नियत भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत जिला सीधी में आगमन हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी प्रवेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि बाल आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार का जिले में विभिन्न शासकीय/अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों एवं बच्चों से संबंधित संस्थाओं के निरीक्षण सहित बच्चों के हित में कार्य करने वाले विभिन्न विभागों यथा महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस आदि के साथ बाल संरक्षण के मुद्दे पर जिला स्तरीय समन्वयक बैठक 24 जून 2025 को नियत है।

सदस्य श्रीमती मेघा पवार द्वारा 22 जून 2025 को अरूणोदय सेवा संस्था बाल गृह पड़रा जिला-सीधी का औचक निरीक्षण किया गया। संस्था में देख रेख व आवश्यकता बाले बच्चों हेतु उपलब्ध आवासीय सुविधा का अवलोकन किया गया। निवासरत बच्चों से बात कर संस्था में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। श्रीमती पवार द्वारा संस्था में उपलब्ध सुविधाओं का संतोष व्यक्त करते हुए संस्था में निवासरत बच्चों के व्यक्तिगत देख रेख योजना अनुसार पुनर्वास किये जाने एवं विद्यालय में प्रवेश दिलाये जाने का निर्देश दिया गया।

बाल गृह के निरीक्षण के दौरान अनुराग पाण्डेय परिवीक्षा अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी, बालगृह की अधीक्षक निर्मला सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# जिले में औसत वर्षा 95.0 मि.मी. दर्ज

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 22 जून को सीधी जिले में 32.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 32.5 मि.मी., चुरहट में 15.0 मि.मी., गोपद बनास में 54.0 मि.मी., सिहावल में 3.0 मि.मी., बहरी में 72.0 मि.मी., मझौली में 34.0 मि.मी. और कुसमी में 20.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 95.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 22 जून तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 241.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 51.5, चुरहट में 21.5, गोपद बनास में 83.4, बहरी में 147.5 मझौली में 84.0 मि.मी. और कुसमी में 36.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 14.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 80.6 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# मुख्यमंत्री से मिलकर घायलों के उपचार के लिए विधायक कुंवर सिंह ने दिलाई सहायता



**सीधी।** विगत दिनों विधानसभा क्षेत्र धौहनी के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह टेकाम जी के साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के के तिवारी मझौली महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा के साथ मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निवास पर मुलाकात कर विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त कराई साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों की मुख्यमंत्री पद से पैसा स्वीकृति प्रदान करने की अनुमति दिलाई जिसमें चुरहट विधानसभा निवासी बघाऊ के तुलसी उपाध्याय की बेटी कुमारी शिवानी का एक हाथ कट कर शरीर से अलग हो गया था जिसका उपचार मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर में चल रहा हैं इसी प्रकार कंचन पुर उमरिया निवासी शमशेर रावत का एक पैर और एक हाथ में गंभीर चोट लगी थी जिसका उपचार जबलपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा हैं इनके उपचार के लिए मुख्यमंत्री मद से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई अपने विधानसभा क्षेत्र धौहनी के विकाश कार्यों को लेकर हमेशा मुख्यमंत्री जी से मिलकर जन सेवा का कार्य अनवरत करते रहते है विधायक कुंवर सिंह ने अपने जनता के हित के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए जाने जाते हैं।

# उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने ऑनलाइन करें आवेंदन

**सीधी।** सहायक संचालक उद्यान जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया कि उद्यानिकी विभाग में प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, एकीकृत बागवानी विकास योजना, राज्य योजना में फल पौधरोपण योजना, सब्जी क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार योजनाओं में आनलाईन आवेदन प्रारंभ हो गये हैं।

# सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य का हुआ स्थानांतरण




**सीधी।** सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी के प्राचार्य सुभाषचंद पटेल का स्थानांतरण सांदीपनि विद्यालय ढेरा के लिए हुआ है। तीन साल के कार्यकाल में विद्यालय की दिशा और दशा पलटने वाले सुभाषचन्द पटेल के पिता का गतवर्ष स्वर्गवास होने के कारण एवं पारिवारिक समस्या के कारण उन्होंने स्वैच्छिक स्थानांतरण ले लिया। श्री पटेल के स्थानांतरण से पूरा विद्यालय परिवार दुखी हैं उनकी कार्यशैली,विद्यालय के लिए किए गये उत्कृष्ट कार्य से सभी प्रभावित है उनके अथक प्रयास से विद्यालय का रिजल्ट महज तीन वर्ष में 35 त्न से 99त्न हुआ। प्रदेश स्तरीय प्रेरक प्रयास में विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा एवं जिलास्तरीय कार्यक्रम में विद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उनके द्वारा विद्यालय प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में माननीय मंत्री जी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था, विद्यालय की सीनियर शिक्षिका आरती पाण्डेय को सांदीपनि कन्या विद्यालय सीधी का प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौपा गया।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में कक्षा 6वीं में आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी के कक्षा 6वीं में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन हेतु विद्यालय की वेबसाइट या आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29.07.2025 है। अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.05.2014 से 31.07.2016 के बीच होना चाहिए, अभ्यर्थी सीधी जिले का निवासी होना चाहिए एवं सीधी जिले में ही 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए, पात्रता पूर्ण करने वाले अधिक से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करें।

# श्री विधि से धान की रोपाई किसानों के लिये वरदान

**सीधी।** जिले में काफी बड़े क्षेत्र में धान की खेती की जाती है। अधिकतर किसान रोपा विधि से धान लगाते हैं। इसकी तुलना में मेडागास्कर विधि जिसे एस.आर.आई. श्री विधि कहा जाता है, से धान लगाना अधिक लाभकारी है। इसमें कम पानी, कम बीज और बिना खरपतवार के धान का अच्छा उत्पादन होता है। परम्परागत विधि से किसान को प्रति हेक्टेयर 20 से 25 क्विंटल धान की उपज मिलती है। इसकी तुलना में श्री विधि से धान लगाने पर प्रति हेक्टेयर 35 से 50 क्विंटल धान का उत्पादन होता है। उप संचालक कृषि ने किसानों से धान रोपण के लिये श्री विधि अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों के लिये वरदान है।

उप संचालक ने बताया कि श्री विधि से प्रति हेक्टेयर केवल 6 से 8 किलो बीज की जरूरत होती है। इसे विशेष तरह की प्लेट अथवा पॉलीथीन में नर्सरी लगाकर तैयार किया जाता है। इसमें भुरभुरी मिट्टी तथा राख का होना आवश्यक है। इसके लिये 10 मीटर लम्बी तथा 5 से.मी. ऊंची क्यारी बनायें। इसमें 50 किलो नाडेप अथवा गोबर की खाद मिलाकर बीजों की बोनी करें। बोनी से पहले बीजों को थाईरम दवा से उपचारित करें। प्रत्येक क्यारी में 120 ग्राम बीज की बोनी करें। इन्हें ढंककर हल्की सिंचाई करें। धान रोपित करने के लिये खेत को गहरी जुताई करके उसके खरपतवार नष्ट करें। खेत में पर्याप्त पानी देकर रोपाई के लिये खेत तैयार करें। इसमें नर्सरी में तैयार धान के 15 से 21 दिन के पौधे रोपित करें। तैयार खेत में मार्कर हल की सहायता से 20-20 से.मी. दूरी पर निशान बनायें। इन निशानों पर धान का केवल एक पौधा रोपित करें।

उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि पौधे से पौधे तथा कतार से कतार की दूरी 2 से.मी. रखें। पौधों के बीच में पर्याप्त अंतर होने पर उन्हें पर्याप्त हवा तथा नमी प्राप्त होगी। कतार में पर्याप्त दूरी रहने पर खरपतवार होने की स्थिति में कोनावीडर की सहायता से इन्हें आसानी से निकालकर खाद बनायी जा सकती है। मृदा हेल्थ कार्ड में खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों के अनुसार खाद का उपयोग करें। इसमें गोबर की खाद नाडेप तथा वर्मी खाद का अधिक उपयोग करें। धान रोपित करने के 15 दिन बाद कम मात्रा में यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। श्री विधि से धान लगाने पर खेत में पानी भरने की जरूरत नही होती है। लेकिन खेत में नमी बनी रहे इसकी व्यवस्था करें। जिस समय धान के पौधो में वृद्धि हो रही हो उस समय खेत को 2 से 3 दिनों के लिये सूखा छोड़ देना चाहिये। इसके बाद पुनरू हल्की सिंचाई करके खेत को नम करना चाहिये। इस विधि से किसान 35 से 50 क्विंटल तक धान प्राप्त कर सकते हैं। इसके संबंध में किसान कृषि विस्तार अधिकारी से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# नि:शुल्क राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जून

## ई-केवाईसी नहीं कराने पर माह जुलाई से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो सकेगा

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि समस्त पात्र हितग्राहियों के ई-केवाइसी किए जाकर दोहरे, अपात्र, साईलेन्ट राशनकार्डों का पोर्टल से विलोपन करने निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त समय-सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी न होने पर ई-केवाईसी शेष रहने वाले हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना संभावित है तथा ऐसे हितग्राहियों को राशन प्रदाय करने में राज्य शासन को अतिरिक्त वित्तीय व्यय भार आना संभावित है। एनएफएसए 2013 अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की ई-केवाईसी कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विभागीय समीक्षा में भी हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि एनएफएसए 2013 अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की ई-केवाइसी पूर्ण करने हेतु सतत् रूप से अभियान चलाया जा रहा है तथा शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने हेतु दिनांक 15.06.2025 तक की समय-सीमा निर्धारित की गयी थी किन्तु उक्त समय-सीमा पूर्ण होने के उपरांत भी जिले का 1 लाख 45 हजार 138 हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण करने हेतु शेष है। ई-केवाइसी से शेष रहे हितग्राहियों को पीडीएस अंतर्गत पात्रतानुसार राशन प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो इस तथ्य को दृष्टिगत रख ई-केवाईसी अभियान की अवधि दिनांक 30.06.2025 तक बढ़ाते हुए जिले के राजस्व, ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, सहकारिता, एनएलआरएम तथा आवश्यक अन्य विभागों के अतिरिक्त अमले को अभियान में संलग्न कर समय-सीमा में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कराने हेतु आदेशित किया गया है।

सीधी जिले में आज दिनांक की स्थिति में जिले के 10 लाख 27 हजार 268 सदस्यों में से 8 लाख 82 हजार 130 सदस्यों की ई-केवाईसी की जा चुकी है, जो 86 प्रतिशत है। शेष 1लाख 45 हजार 138 सदस्यों की ई-केवाईसी किया जाना शेष है और निरंतर सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा ई-केवाइसी की जा रही है, जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है, जो व्यक्ति अन्य स्थान पर चले गये हैं, जिन महिलाओं का विवाह होकर अन्य स्थान में रहती हैं एवं ऐसे व्यक्ति जिनके आधार अन्य राज्य के हो, डबल समग्र आईडी वाले व्यक्ति हो अथवा जो कार्डधारी 04 माह से खाद्यान्न प्राप्त नहीं किये हैं उन सभी को दिनांक 30.06.2025 तक नियमित रूप से डिलीट किया जाना है।

उन्होंने बताया कि ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं हुई है वे उचित मूल्य दुकानों के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 30.06.2025 के पूर्व ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लें अन्यथा हितग्राहियों को माह जुलाई 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा।

# अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण

**सीधी।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा ने सीधी जिले के कुसमी विकासखंड के दूरस्थ ग्राम मझगंवा, सोनगढ़, टमसार, भदौरा का भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान मनरेगा योजना के तहत निर्मित खेत तालाब, कपिल धारा कूप, पेंशन योजनाओं, जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ-साथ ई-केवाईसी कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

# सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान हेतु पूर्णत: ऑनलाईन व्यवस्था लागू की गई

**सीधी।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि कार्यालय आयुक्त, कोष एवं लेखा म.प्र. द्वारा प्रदेश के समस्त कोषालयों में सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान हेतु पूर्णत: ऑनलाईन व्यवस्था दिनांक 21 फरवरी 2025 से लागू की गई है। नवीन प्रक्रिया के अंतर्गत महालेखाकार कार्यालय द्वारा ऑनलाईन अंतिम भुगतान के प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे। इस संबंध में ई-दक्ष केन्द्र में अभिलेखों को स्कैन करने एवं ऑनलाईन प्रोसेस की हैण्डस ऑन प्रशिक्षण सत्र भी दिनांक 27.02.2025 से दिनांक 06.03.2025 तक आयोजित किये गये हैं।

उन्होने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि भविष्य में किये जाने वाले सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाईन ईजीपीएफ प्रेषित किये जावें। साथ ही अंतिम भुगतान प्रकरण महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित करते समय पांचवी अनुसूची के साथ सामान्य भविष्य निधि पासबुक को स्पष्ट स्कैन कर अनिवार्य रूप से अटैच करना सुनिश्चित करें।

# भारत विकास परिषद द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न




**सीधी।** भारत विकास परिषद, शाखा-सीधी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन दिनांक 21 जून को प्रात: 7:30 से 8:30 बजे तक रोली मेमोरियल सभागार में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पंतजलि योग समिति के आयोग अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी, डॉ. अरविंद शुक्ला, योग शिक्षिका श्रीमती सुधा गुप्ता, तथा सी.ए. श्रीमती श्रीपाली गुप्ता (योग गुरु) के कुशल निर्देशन में परिषद के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, सीधी शाखा के निम्न पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे अध्यक्ष - श्रीमती ऋचा सिंह चौहान, सचिव - उत्कर्ष गुप्ता (अधिवक्ता), कोषाध्यक्ष - मुकेश सोनी, सेवा प्रमुख - विकास शर्मा, संस्कार प्रमुख - श्रीमती नीति केसरीवानी, महिला प्रमुख - श्रीमती रचना मिश्रा, पर्यावरण प्रमुख - श्रीमती ऋतु सिंह चौहान, सह-संयोजक, पर्यावरण - श्रीमती अंजु शर्मा, संगठन सचिव - रविराज सिंह परिहार, सह-सचिव - अशोक शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यगण - नरेंद्र केसरीवानी, विनय गुप्ता, सदस्यगण - श्रीमती मंजू शुक्ला, श्रीमती अंजु सोनी, मुकेश गुप्ता।

कार्यक्रम के अंत में शाखा अध्यक्ष श्रीमती ऋचा सिंह चौहान द्वारा योग गुरु एवं समस्त उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के संयोजक मुकेश गुप्ता रहे। योगाभ्यास के पश्चात परिषद के सदस्यों द्वारा सीधी-सिंगरौली मार्ग के डिवाइडर पर वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की संयोजक पर्यावरण प्रमुख श्रीमती ऋतु सिंह चौहान रहीं। यह आयोजन न केवल योग के प्रति जागरूकता लाने में सफल रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जनमानस में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने वाला सिद्ध हुआ।

# एनीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने रवाना हुआ जागरूकता रथ

**सीधी।** जिले में एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या को जड़ से समाप्त करने एवं जनमानस को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित डीईआईसी से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे, डीआईओ डॉ नागेंद्र बिहारी दुबे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला द्वारा एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी ब्लॉकों में भ्रमण करेगा तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को एनीमिया के बारे में जानकारी देगा। यह रथ न सिर्फ एनीमिया के कारण एवं दुष्परिणाम बताएगा, बल्कि इससे बचाव के लिए आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण के महत्व को भी समझाएगा।

# किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

सीधी। जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतरू एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा।

उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है।

इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल जिस दाम में मिल रही है। वह खाद की आधी बोरी की कीमत के बराबर है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

## संपादकीय

### गलत राह पर पाक

पाकिस्तान ने अपने रक्षा बजट में 20 प्रतिशत का इजाफा किया है। इससे उसकी प्राथमिकता साफ हो जाती है कि उसके लिए अपनी जनता का कल्याण और विकास नहीं, भारत के खिलाफ आक्रामकता ज्यादा जरूरी है। यह बात और है कि बजट का 14.5 प्रतिशत सिर्फ डिफेंस पर खर्च करके वह अपनी मुश्किलें ही बढ़ाएगा। कर्ज पर गुजारा- लोन और आर्थिक मदद की वजह से ही पाकिस्तान अभी तक दिवालिया होने से बचा हुआ है, लेकिन इसकी वजह से उस पर 269 बिलियन डॉलर का कर्ज चढ़ चुका है, जबकि उसके मौजूदा बजट का आकार है केवल 63 बिलियन डॉलर। एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लोन लेने की आदत ने पाकिस्तान को ऐसे दुष्चक्र में फंसा दिया है, जहां अब उसे अपने बजट का करीब आधा हिस्सा कर्ज की किस्तों और ब्याज भरने के लिए देना पड़ेगा। अब जो रकम बचती है, उसमें से भी लगभग एक तिहाई, 9.17 बिलियन डॉलर उसने डिफेंस के लिए रख लिया है। इस्लामाबाद में नई दिल्ली के साथ होड़ करने की बेचैनी और उतावलापन है। लेकिन सच यही है कि इतने भारी खर्च के बावजूद भारत के 77 बिलियन डॉलर के डिफेंस बजट के सामने पाकिस्तान का रक्षा बजट बहुत मामूली है। हां, यह जरूर है कि यह होड़ उसे कर्ज, खासकर चीन के कर्ज के जाल में और फंसा रही है। पाकिस्तान पर सबसे बड़ी देनदारी चीन की है, लगभग 15 बिलियन डॉलर। पाकिस्तान अपने लगभग 80त्न सैन्य साजो-सामान और हथियार चीन से खरीदता है। चीन छ्व-35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। यानी उसके सैन्य बजट का एक बड़ा भाग चीन की जेब में जाएगा। यही नहीं, शहबाज शरीफ सरकार ने बजट में कर्ज अदायगी के लिए जो रकम रखी है, उससे भी सबसे बड़ा हिस्सा चीन को मिलेगा। विडंबना है कि भारत के साथ टकराव के दौरान पाकिस्तान को चीनी डिफेंस सिस्टम की वजह से ही नुकसान और शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। पाकिस्तान को हथियार से ज्यादा रोजगार, निवेश और अन्न की जरूरत है। उसकी इकॉनमी एक अरसे से जड़ बनी हुई है। 2025 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 2.7 प्रतिशत है। आर्थिक मोर्चे पर उसकी सबसे बड़ी खुशी यह है कि आईएमएफ ने हाल में एक नए बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान का बजट भारत की चिंताओं की पुष्टि करने के साथ आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाओं को भी आईना दिखाता है। ये संस्थाएं बार-बार भरोसा टूटने के बावजूद पाकिस्तान के किसी नए वादे के झांसे में आकर मदद देती रहती हैं। क्या अब वे सबक लेंगी?

**सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है। नाथ संप्रदाय में योग को शिवविद्या या महायोगविद्या कहा गया है, जिसमें आत्मा और ब्रह्मांड के सामरस्य की अनुभूति प्रमुख है। शिवगीता में भगवान शिवजी ने भगवान राम को योग का दिव्य उपदेश दिया, जब वे सीता-वियोग से व्याकुल थे। उन्होंने आत्मज्ञान, चित्त की एकाग्रता, और भौतिक आसक्ति से विरक्ति का विस्तार से निरूपण किया। भगवान शिव को ध्यानमग्न योगी के रूप में भी दर्शाया गया है, जिनका ध्यान जीवन के परम लक्ष्य 'मोक्षकी ओर उन्मुख करता है। वेदों में वर्णित शिवसंकल्पसूक्त योग के लिए वैदिक प्रेरणा का आधार है, जो भगवान शिव की चेतना और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है।**

# योग सिंधू में संघ की जलधारा

(राकेश सैन)

सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है।

भारत की सनातन संस्कृति की तरह योग भी सनातन है, अविरल है। यह तो संभव है कि आकाश के तारे गिन लिए जाएं या धरती के कणों की सही-सही संख्या का पता लगा लिया जाए परन्तु योग के सिंधू कितनी जलधाराएं मिलीं, कितने नद समाहित हुए इसका अनुमान लगाना भी असंभव है। इन्हीं अनन्त जलराशियों में शामिल है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका उद्देश्य व्यक्ति उत्थान से राष्ट्रोत्थान रहा है और संघ ने योग को अपने इस काम का साधन बनाया है।

सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है। नाथ संप्रदाय में योग को शिवविद्या या महायोगविद्या कहा गया है, जिसमें आत्मा और ब्रह्मांड के सामरस्य की अनुभूति प्रमुख है। शिवगीता में भगवान शिवजी ने भगवान राम को योग का दिव्य उपदेश दिया, जब वे सीता-वियोग से व्याकुल थे। उन्होंने आत्मज्ञान, चित्त की एकाग्रता, और भौतिक आसक्ति से विरक्ति का विस्तार से निरूपण किया। भगवान शिव को ध्यानमग्न योगी के रूप में भी दर्शाया गया है, जिनका ध्यान जीवन के परम लक्ष्य 'मोक्षकी ओर उन्मुख करता है। वेदों में वर्णित शिवसंकल्पसूक्त योग के लिए वैदिक प्रेरणा का आधार है, जो भगवान शिव की चेतना और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

रामायणकाल में महर्षि वसिष्ठ ने भगवान श्रीराम को गहन अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों के माध्यम से योग का मार्ग बताया है। राम को उपदेश करते हुए महर्षि वसिष्ठ कहते हैं - द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव। योगो वृत्तिनिरोधो हि ज्ञानं सम्यगवेक्षणम्॥ (योगवासिष्ठ)



महर्षि वसिष्ठ योग के अत्यंत प्राचीन और समग्र दृष्टा माने जाते हैं। वे सप्तर्षि-मंडल में स्थित रहकर आज भी विश्वकल्याण में लगे हुए हैं।

महाभारत में योग को आत्मसाधना और अंतःकरण की शुद्धि का मार्ग माना गया है। महर्षि वेद व्यासजी ने ध्यानयोग के लिए द्वादश साधनों (देश, कर्म, आहार, दृष्टि, मन आदि) के संयम को अनिवार्य बताया है। इसके शान्ति पर्व में ऋषियों को योग की 12 विधियों से ध्यानयोग का अभ्यास करते बताया गया है। भगवान श्रीकृष्ण को भी 'योगेश्वर' कहा गया है क्योंकि वे न केवल योग के आचार्य हैं बल्कि स्वयं योग के मूर्तिमान स्वरूप भी हैं। भगवद्गीता को स्वयं भगवान की साक्षात योगयुक्त वाणी कहा गया है, जो आज भी अज्ञान और मोह का नाश कर आत्मबोध करा सकती है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को विभिन्न योगों का उपदेश दिया - कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्ति योग, और ध्यानयोग। 'समत्वं योग उच्यते' और 'योग- कर्मसु कौशलम' जैसे श्लोक योग को जीवन की कुशलता और समत्व की दशा से जोड़ते हैं।

इसी तरह महर्षि पतंजलि, महर्षि चरक, आदिगुरु शंकराचार्य जी से लेकर आधुनिक काल के योग गुरुओं, शिक्षकों व साधकों सहित अनेक ज्ञात-अज्ञात जलनद योग के सिंधू को अपने ज्ञान से समृद्ध करते रहे हैं।

इन्हीं जलधाराओं में एक सम्मानित नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जो अपने जन्म से ही भारतीय संस्कृति व अपने सांस्कृतिक मानबिन्दुओं की पुनर्स्थापना के काम में लगा है। संघ की स्थापना 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा की गई थी, जिनका उद्देश्य था राष्ट्रभक्ति, शारीरिक और मानसिक विकास और आत्मानुशासन के माध्यम से भारत के युवाओं को संगठित करना। योग को संघ के आद्यात्मिक और शारीरिक प्रशिक्षण के अनिवार्य भाग के रूप में अपनाया गया। संघ की शाखाओं में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान और आसनों का नियमित अभ्यास कराया जाता है।

योग और संघ का संबंध केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनियंत्रण, सामाजिक सेवा, समरसता और आध्यात्मिक जागरण से भी जुड़ा है। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार स्वयं योग साधक थे और उन्होंने शाखा पद्धति में योग को अनिवार्य रूप से जोड़ा।

संघ के दूसरे सरसंघचालक श्रीगुरुजी ने भी योग को आंतरिक तप और अनुशासन के अंग के रूप में देखा। उनका कहना था, 'यदि स्वास्थ्य-रक्षा तथा रोग-प्रतिकार करने के लिए योगासनों के अभ्यास की ओर लोगों ने ध्यान दिया तो सर्वसाधारण जनता के स्वास्थ्य में सुधार हो कर उनका औषधियों पर होने वाला व्यय कम होगा तथा सब दृष्टि से उनका कल्याण होगा।'

योग केवल आत्मोन्नति का साधन नहीं बल्कि समाजोद्धार और राष्ट्रनिर्माण का भी पथ है। यही दृष्टिकोण संघ द्वारा अपनाया गया। संघ के प्रमुख शिक्षा वर्गों में योगासन और ध्यान की विधिवत् शिक्षा दी जाती है। योग के माध्यम से स्वयंसेवकों में संयम, साहस और शारीरिक स्फूर्ति का विकास किया जाता है, ताकि वे सेवाकार्यों में तत्पर रह सकें।

आज भी संघ की हजारों शाखाओं में योगाभ्यास अनिवार्य गतिविधियों में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्वयंसेवक के रूप में संघ से जुड़े रहे हैं। उनके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा और उसे विश्वपटल पर स्थापित करना इस संघ परंपरा की ही एक आधुनिक अभिव्यक्ति है। संघ का यह दृष्टिकोण 'योग ही युक्ति है, योग ही शक्ति है', के सूत्र में संक्षेपित किया जा सकता है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 2015 के अनुसार, 'योग भारतीय सभ्यता की विश्व को देन है।'

संघ द्वारा योग दिवस पर पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि 'संयुक्त राष्ट्र की 69वीं महासभा द्वारा प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा से सभी भारतीय, भारतवंशी व दुनिया के लाखों योग-प्रेमी अतीव आनंद तथा अपार गौरव का अनुभव कर रहे हैं। यह अत्यंत हर्ष की बात है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा के अपने सम्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का जो प्रस्ताव रखा उसे अभूतपूर्व समर्थन मिला। नेपाल ने तुरंत इसका स्वागत किया। 175 सभासद देश इसके सह-प्रस्तावक बनें तथा तीन महीने से कम समय में 11 दिसम्बर, 2014 को बिना मतदान के, आम सहमति से यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहती है कि योग भारतीय सभ्यता की विश्व को देन है। 'युज' धातु से बने योग शब्द का अर्थ है जोडना तथा समाधि। योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, महर्षि पतंजलि जैसे ऋषियों के अनुसार यह शरीर मन, बुद्धि और आत्मा को जोडने की समग्र जीवन पद्धति है। शास्त्रों में 'योगश्चित्तवृत्ति निरोध-', 'मनःप्रशमनोपाय- योग-' तथा 'समत्वंयोगउच्यते' आदि विविध प्रकार से योग की व्याख्या की गयी है, जिसे अपना कर व्यक्ति शान्त व निरामय जीवन का अनुभव करता है। योग का अनुसरण कर संतुलित तथा प्रकृति से सुसंगत जीवन जीने का प्रयास करने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, जिसमें दुनिया के विभिन्न संस्कृतियों के सामान्य व्यक्ति से लेकर प्रसिद्ध व्यक्तियों, उद्यमियों तथा राजनयिकों आदि का समावेश है।

**दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति कहे जाने वाले अमेरिका की कूटनीति ने सदैव 'जैसे को तैसा' नहीं, बल्कि 'जैसे से फायदा हो, वैसे को गले लगा लो' की नीति अपनाई है। चाहे वह सऊदी अरब के राजाओं को हथियार बेचना हो, या पाकिस्तानी सैन्य तानाशाहों को 'मित्र' बताना हो, सब कुछ स्वार्थ-सिद्धि के लिए किया गया। जहां तक पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के अमेरिका में किये गये स्वागत की बात है तो यह इस ओर स्पष्ट इशारा है कि वॉशिंगटन अब फिर से रावलपिंडी की ओर झुकाव दिखा रहा है।**

# ट्रंप-मुनीर का मेन्यू और मकसद क्या था?

(नीरज कुमार दुबे )

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप जैसे लेन-देन वाले राजनेता के साथ पाकिस्तान की बढ़ती निकटता और अमेरिका की नई प्राथमिकताएं इस बात की जरूरत पर बल दे रही हैं कि भारत को अपनी विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति को नए सिरे से आंकना चाहिए। दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति कहे जाने वाले अमेरिका की कूटनीति ने सदैव 'जैसे को तैसा' नहीं, बल्कि 'जैसे से फायदा हो, वैसे को गले लगा लो' की नीति अपनाई है। चाहे वह सऊदी अरब के राजाओं को हथियार बेचना हो, या पाकिस्तानी सैन्य तानाशाहों को 'मित्र' बताना हो, सब कुछ स्वार्थ-सिद्धि के लिए किया गया। जहां तक पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के अमेरिका में किये गये स्वागत की बात है तो यह इस ओर स्पष्ट इशारा है कि वॉशिंगटन अब फिर से रावलपिंडी की ओर झुकाव दिखा रहा है, खासकर ईरान और अफगानिस्तान जैसे जटिल मामलों में, जहां पाकिस्तान की भौगोलिक और सामरिक स्थिति अमेरिका के लिए फायदेमंद हो सकती है। ट्रंप और मुनीर की मुलाकात से यह भी स्पष्ट है कि लोकतंत्र, मानवाधिकार और वैश्विक शांति जैसे शब्द सिर्फ सजावट के लिए हैं, असल खेल रणनीतिक हित, निजी फायदे और चुनावी लाभ का है।

देखा जाये तो यह संपूर्ण घटनाक्रम भारत के लिए सिर्फ राजनयिक चिंता नहीं, बल्कि रणनीतिक चेतावनी भी है। ट्रंप जैसे लेन-देन वाले राजनेता के साथ पाकिस्तान की बढ़ती निकटता और अमेरिका की नई प्राथमिकताएं इस बात की जरूरत पर बल दे रही हैं कि भारत को अपनी विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति को नए सिरे से आंकना चाहिए। ट्रंप और मुनीर की मुलाकात के बारे में दोनों पक्षों की ओर से जो बयान जारी हुआ है और इस संबंध में जो मीडिया रिपोर्टें आई हैं उन सभी का विश्लेषण करने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि यह भेंट सिर्फ एक प्रतीकात्मक नहीं थी बल्कि यह लेन-देन और कूटनीतिक सौदेबाज़ी का केंद्रबिंदु थी। सवाल यह है कि कौन, किससे, क्या चाहता है?

पहला सवाल है कि अमेरिका को मुनीर से क्या चाहिए? इसके तीन जवाब हो सकते हैं-

1. इस्लामिक स्टेट खुरासान के खिलाफ सहयोग- अमेरिकी सेंटकॉम प्रमुख की हालिया गवाही से संकेत मिला है कि अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद के मुद्दे पर गहराई से सहयोग कर रहे हैं। ट्रंप का मकसद हो सकता है कि वह मुनीर से द्वस्य पर खुफिया और सैन्य सहयोग चाहते हों, खासकर अफगानिस्तान और ईरान सीमा क्षेत्रों में।

2. ईरान के खिलाफ सैन्य रणनीति- ईरान-इज़राइल तनाव और अमेरिका-ईरान टकराव की संभावना को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि-

अमेरिका पाकिस्तान से बलूचिस्तान में लॉजिस्टिक बेस की अनुमति मांग रहा है।

पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग ईरान पर संभावित अमेरिकी हमले के दौरान माँगा गया हो।

अमेरिका, पाकिस्तान से ईरानी क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद की मांग कर सकता है। यहाँ तक कि ईरान में शासन परिवर्तन हेतु खुफिया सहयोग भी एजेंडे में हो सकता है।

3. चीन से पाकिस्तान को दूर करना- एक दीर्घकालिक अमेरिकी रणनीति यह हो सकती है कि पाकिस्तान को चीन के प्रभाव से दूर खींचा जाए। चूँकि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा और रक्षा सहयोग चीन को हिंद महासागर तक पहुँचाने में मदद करता है, इसलिए अमेरिका चाहता होगा कि पाकिस्तानी सेना की निष्ठा दोबारा वॉशिंगटन की ओर झुके।

अब दूसरा सवाल यह है कि मुनीर को ट्रंप से क्या चाहिए? इसके भी तीन जवाब हो सकते हैं।

1. आर्थिक राहत और निवेश- पाकिस्तान की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को देखते हुए, मुनीर ट्रंप से सीधा अमेरिकी निवेश, व्यापारिक सौदे और वित्तीय सहायता की मांग कर सकते हैं- विशेषकर ट्रंप परिवार से जुड़े क्रिप्टो और इंफ्रास्ट्रक्चर डील्स के माध्यम से।

2. कश्मीर पर अमेरिकी मध्यस्थता- यह सबसे विवादास्पद और संवेदनशील मांग हो सकती है। मुनीर चाह सकते हैं कि-

-ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश करें।

-भारत को वार्ता की मेज पर लाने के लिए दबाव डाला जाए, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद के संघर्षविराम को मेड इन एसए के रूप में पेश किया जाए।

3. भारत पर दबाव- सिंधु जल संधि और आतंकवाद का आरोप- अमेरिका से आग्रह किया जा सकता है कि वह भारत पर सिंधु जल संधि के पालन के लिए दबाव डाले।

-इसके अलावा, भारत पर आरोप लगाया जा सकता है कि वह बलूच विद्रोहियों और टीटीपी का समर्थन कर रहा है और पाकिस्तान चाहेगा कि अमेरिका इस पर भारत को कठघरे में खड़ा करे। एक सवाल यह भी उठता है कि क्या मुनीर से मुलाकात ट्रंप की व्यक्तिगत राजनीति का हिस्सा है? इसके भी तीन जवाब हो सकते हैं-

-यह मुलाकात आने वाले अमेरिकी चुनावों को ध्यान में रखकर भी की जा सकती है-

-ट्रंप खुद को वैश्विक शांति-स्थापक की छवि में पेश कर सकते हैं, खासकर अगर उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए कोई प्रचार मिले।

-पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय को साधने और मुस्लिम दुनिया में एक सुलहकर्ता नेता के रूप में खुद को पेश करने का अवसर भी ट्रंप को मिल सकता है।

हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप से नज़दीकी बनाने के लिए मुनीर काफी समय से लालायित थे और इसका मौका उन्हें इसी साल अप्रैल में मिल भी गया था। दरअसल, अप्रैल में एक अमेरिकी क्रिप्टो फर्म वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ने पाकिस्तान की क्रिप्टो काउंसिल के साथ समझौता किया। यह फर्म ट्रंप परिवार से जुड़ी है और ट्रंप के बेटे एरिक और डोनाल्ड जूनियर तथा दामाद जेरेड कुशनर के पास इस कंपनी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## वर्ग पहेली 5770

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | | 7 | | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | ■ |
| ■ | 11 | | 12 | ■ | 13 | 14 | 15 |
| 16 | ■ | ■ | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | 20 | ■ | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. दुनिया की सबसे लंबी गुफा इस देश में है इसकी लंबाई का अंदाजा इसी बात से लगया जा सकता है किस इसमें एक नदी और जंगल भी है (5)
5. किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने पर प्राप्त होने वाला गुणनफल (2)
6. लुब्ध करना, चुग्गा डालना या दाना डालना (5)
8. एक प्रशंसा सूचक संबंधी उद्‌गार (3)
10. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी)(2)
11. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
13. आसान, सरल, सामान्य (3)
17. रस्म, प्रथा, दस्तूर, रीति (3)
18. दौड़ने वाला, दौड़ाक (3)
21. दोष, मनोविकार, तकलीफ (2)
22. हीन होने का भाव, अभाव (3)
24. एक स्त्री से प्रेम करने वाले आपस में दो व्यक्ति (2)
25. निशाना, अनुमेय (2)

ऊपर से नीचे

1. पंजाब की व्यास नदी का नाम, जिसका अर्थ होता है पाशमुक्तकारिणी (3)
2. खोजना, चाहना (4)
3. कमल, कुमुद आदि की लंबी और खोखली डंडी, लोहे का अर्धचंद्राकार टुकडा (2)
4. मचलने का भाव, लालसा, हठ (3)
5. यह देश पश्चिमी अफ्रीका में है जिसकी राजधानी अकरा है (2)
7. गंगा नदी को यह भी कहा गया है (5)
9. नाट्य वेश , परिधान, वर्णधर्म (2)
12. असम की पहाड़ियों में बसने वाली एक जंगली जाति, अनुपस्थिति, गैर हाजिरी (2)
14. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
15. न्यायाधी, फैसला करने वाला (2)
16. अवरोधहीन, अबाधित (4)
19. जंगल, अरण्य, कानन (2)
20. पंक्ति, श्रेणी, क्रम, सिलसिला (3)
23. समस्त, एक प्रसिद्ध टीवी चेनल (2)

### वर्ग पहेली 5769 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | दी | व | ■ | लो | हि | त |
| ली | ल | ना | ■ | न | भ | च | र |
| ■ | क | पा | ल | ■ | ■ | क | फ |
| गु | ■ | ठ | ग | ■ | पा | ना | ■ |
| ल | ट | क | न | ■ | र्व | ■ | बु |
| ब | ल | ■ | ■ | लू | ■ | शा | खा |
| द | ना | द | न | ■ | सा | द | र |
| न | ■ | ही | र | रां | झा | ■ | ■ |

# अपनी जिंदगी में संघर्ष से मत घबराओ

(सुनीत अवस्थी)

एक व्यापारी था बहुत सफल था। अचानक किसी वजह से उसका व्यापार डूब गया। वह पूरी तरह निराश हो गया। कई कोशिशों के बाद भी उसे मनमुताबिक सफलता नहीं मिल रही थी। वह अपनी जिंदगी से तंग आ चुका था। एक दिन परेशान होकर वो जंगल में गया। जंगल में काफी देर अकेले बैठा रहा। तभी उसे वहां एक संत दिखाई दिए। संत ने व्यापारी को उदास भाव में देखा तो पूछा क्या हुआ ? व्यापारी बोलाङ्क मैं हार चुका हूं, मुझे कोई एक वजह बताइये कि मैं क्यों न हताश होऊं, मेरा सब कुछ खत्म हो चुका है। मैं क्यों ना व्यथित होऊं?

यह सुनकर संत ने कहा कि धीरज रखो। फिर संत ने व्यापारी से कहा कि इस जंगल में यह घास और बांस को देख रहे हो। मैंने घास और इस बांस के बीज को एक साथ लगाया। मैंने इन दोनों की ही बहुत अच्छे से देखभाल की। इनको बराबर पानी दिया, बराबर देखभाल की। घास बहुत जल्दी बड़ी होने लगी और इसने धरती को हरा भरा कर दिया लेकिन बांस का बीज बड़ा नहीं हुआ। फिर भी मैंने बांस के लिए अपनी हिम्मत नहीं हारी। दूसरे साल, घास और घनी हो गई। उस पर झाड़ियां भी आने लगी लेकिन बांस के बीज में कोई वृद्धि नहीं हुई। फिर भी मैंने बांस के बीज के लिए हिम्मत नहीं हारी। तीसरे साल भी बांस के बीज में कोई वृद्धि नहीं हुई, लेकिन मित्र मैंने फिर भी हिम्मत नहीं हारी। चौथे साल भी बांस के बीज में कोई वृद्धि नहीं हुई लेकिन मैं फिर भी लगा रहा। पांच साल बाद, उस बांस के बीज से एक छोटा सा पौधा अंकुरित हुआ। घास की तुलना में ये बहुत छोटा और कमजोर था लेकिन केवल 6 महीने बाद ये छोटा सा पौधा 100 फ़ीट लम्बा हो गया।

इस बांस की जड़ ने खुद को मजबूत करने के लिए पांच साल लगा दिए। इन पांच सालों में इसकी जड़ इतनी मजबूत हो गई कि 100 फिट से ज्यादा ऊँचे बांस को संभाल सके। जब भी तुम्हें जिंदगी में संघर्ष करना पड़े तो समझिए कि आपकी जड़ मजबूत हो रही है। आपका संघर्ष आपको मजबूत बना रहा है जिससे कि आप आने वाले कल को सबसे बेहतरीन बना सको।

किसी दूसरे से अपनी तुलना मत करो। घास और बांस दोनों के बड़े होने का समय अलग-अलग है। दोनों के उद्देश्य अलग-अलग हैं। तुम्हारा भी समय आएगा। तुम भी एक दिन बांस के पेड़ की तरह आसमान छुओगे। मैंने हिम्मत नहीं हारी, तुम भी मत हारो। अपनी जिंदगी में संघर्ष से मत घबराओ, यही संघर्ष हमारी सफलता की जड़ों को मजबूत करेगा। विश्वास रखिए, आज नहीं तो कल आपका भी दिन आएगा।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन आर्थिक दृष्टि से शुभ रहेगा। आपकी मेहनत का फल धन लाभ के रूप में प्राप्त होगा। यदि आप व्यवसाय में हैं तो कोई बड़ा क्लाइंट डील हाथ लग सकती है। शेयर बाजार या सट्टा जैसे क्षेत्रों में निवेश से दूर रहें, जल्दबाजी से हानि संभव है।

### वृष

आज आर्थिक स्थिति में स्थिरता आएगी। कोई अधूरी डील पूरी हो सकती है जिससे अच्छा धन लाभ होगा। हालांकि अनावश्यक खर्चे बढ़ेंगे, खासकर घर की साज-सज्जा या विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर। किसी महिला या परिवार के बुजुर्ग की मदद से कोई आर्थिक राहत मिल सकती है।

### मिथुन

आज आय के नए स्रोत खुल सकते हैं, विशेष रूप से डिजिटल या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से कमाने वालों के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। अनपेक्षित खर्चे मानसिक तनाव का कारण बन सकते हैं।

### कर्क

आज भाग?य साथ दे रहा है और आपके लिए धन आगमन के योग शुभ योग बने हैं। विशेष रूप से संपत्ति, रियल एस्टेट या पारिवारिक व्यवसाय से। यदि किसी कोर्ट केस में धन संबंधी निर्णय लंबित था, तो राहत मिल सकती है।

### सिंह

आज धन लाभ की संभावना बन रही है, खासकर अगर आपने किसी लॉन्ग टर्म फंड में निवेश किया है। व्यापारिक मामलों में साझेदार के साथ विवाद हो सकता है, जिससे आर्थिक असंतुलन बन सकता है। कोई महंगी वस्तु खरीदने की योजना बन सकती है।

### कन्या

आज दिन निवेश और आर्थिक योजनाओं के लिए अनुकूल है। शेयर, म्यूचुअल फंड या सरकारी योजनाओं में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। कोई रुका हुआ भुगतान या वेतन आज मिल सकता है। कार्यस्थल पर आपकी काबिलियत का सम्मान होगा।

### तुला

आज आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आकस्मिक खर्च बढ़ सकते हैं, जैसे वाहन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की मरम्मत पर आपका काफी पैसा खर्च हो सकता है। धन प्राप्ति के लिए प्रयास करने होंगे, कोई पुराना कर्ज वापस मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज पैसों को लेकर कुछ नई योजनाएं बन सकती हैं, विशेषकर यदि आप व्यवसाय विस्तार के बारे में सोच रहे हैं। किसी वरिष्ठ का आर्थिक सहयोग मिल सकता है। अचानक बड़ा भुगतान करना पड़ सकता है, जिससे आपकी नकदी स्थिति प्रभावित हो सकती है।

### धनु

आज नौकरीपेशा लोगों को वेतन या प्रमोशन की अच्छी खबर मिल सकती है। बकाया रकम की प्राप्ति या निवेश से लाभ संभव है। खर्च पर नियंत्रण रखना आवश्यक है, खासकर अनावश्यक खरीदारी या खानपान पर। व्यवसाय में वृद्धि के लिए पूंजी निवेश की योजना बनेगी।

### मकर

आज भाग?य साथ दे रहा है और आपके लिए आकस्मिक लाभ की संभावना है। किसी पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा लेकिन उसी अनुपात में आय में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं। किसी करीबी से आर्थिक मदद मिल सकती है।

### कुंभ

आज दिन दिन संपत्ति या घर की मरम्मत में खर्च हो सकता है और आपका काफी खर्च हो सकता है। यदि आपने हाल ही में कोई निवेश किया था, तो उसका लाभ आने वाले दिनों में दिखेगा। फ्रीलांसर और निजी व्यवसायियों के लिए आय में वृद्धि के संकेत हैं। सैलरी में देरी हो सकती है, जिससे अस्थायी तनाव हो सकता है।

### मीन

आर्थिक दृष्टिकोण से दिन सकारात्मक है, खासकर जिन लोगों ने हाल ही में किसी योजना में पैसा लगाया है। पुराने किसी मित्र या रिश्तेदार की मदद से आय स्रोत विकसित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान के साथ साथ बोनस या कोई अन्य वित्तीय लाभ मिलने के संकेत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### झगड़े के बीच पत्नी ने की आत्महत्या, मौत के बाद पति ने भी जहर खाकर दी जान

**कन्नौज, एजेंसी।** यूपी के कन्नौज में पति और पत्नी ने आत्महत्या कर ली। पहले पत्नी ने जहर खाया। पत्नी की मौत के बाद पति ने भी जहर खाकर जान दे दी। अंबेडकर नगर मोहल्ले में मामूली विवाद के चलते शनिवार को पहले पत्नी और फिर पति ने जहर खाकर जान दे दी। आए दिन दोनों में किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती थी। पांच साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। दोनों के बच्चे नहीं हैं। परिवार का कहना है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ इसकी जानकारी नहीं है। जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर निवासी 33 वर्षीय अरविंद कुमार कंप्यूटर की दुकान किए था। कई दिनों से उसका पत्नी शिवानी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार दोपहर भी दोनों आपस में झगड़ रहे थे। गुस्से में आकर शिवानी ने घर पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो अरविंद उसे लेकर तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचा। जहां से डॉक्टर ने कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हैलट पहुंचते ही शिवानी की मौत हो गई। शिवानी का शव लेकर अरविंद घर पहुंचा और कुछ देर बाद उसने भी जहर खा लिया। उसकी भी हालत बिगड़ी तो परिजन एक निजी अस्पताल ले गए। इलाज के कुछ ही देर बाद अरविंद की भी मौत हो गई। दो मौतों से घर में कोहराम मच गया। दोनों की मौत की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि पांच साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। इनके कोई संतान नहीं थी। दोनों के बीच झगड़ा हुआ था जिसके बाद दोनों ने जहर खाकर जान दे दी। मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने बताया कि ये आपसी विवाद में आत्महत्या का मामला है।

### नोएडा: खराब प्रदर्शन के कारण छह चौकी प्रभारी निलंबित

**नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने शनिवार को छह चौकी प्रभारियों को 'खराब प्रदर्शन' के आरोप में निलंबित कर दिया। उन्होंने चार थाना प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। यह कार्रवाई आगामी त्योहारों पर कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चर्चा के लिए आयोजित समीक्षा बैठक के बाद की गई। लक्ष्मी सिंह ने कहा, यह पाया गया कि दो महीनों में लगभग कोई कार्य नहीं किया गया। (यह) उनके खराब कामकाज के साथ-साथ उच्च अधिकारियों और विभागीय नियमों के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन दर्शाता है। दनकौर, रबूपुरा, नॉलेज पार्क और इकोटेक-तीन थाना प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि मुहर्रम के दौरान किसी भी तरह की हिंसा न हो। बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि कांवड़ यात्रा के मार्ग का सर्वेक्षण किया जाए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को अवैध खनन के खिलाफ एक सप्ताह तक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

### अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा

**अयोध्या , एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा, जबकि मंदिर का 70 एकड़ का परिसर अगले साल 1 जनवरी तक अपने हरित अवतार में तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर का भूनिर्माण कार्य, जिसे जीएमआर द्वारा शुरू किया जाएगा, नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। इस बात पर जोर देते हुए कि सार्वजनिक दर्शन में बाधा नहीं आनी चाहिए, राय ने मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण लंबित कार्यों पर प्रकाश डाला। लंबित कार्यों में चारदीवारी का निर्माण शामिल है, जो अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम, शौचालय और ट्रस्ट कार्यालय के निर्माण के साथ-साथ इन कार्यों को पूरा होने में एक और साल लग सकता है। लार्सन एंड टुब्रो निर्माण टीम के परियोजना निदेशक विनोद मेहता ने कहा कि मंदिर के पूरा होने से संबंधित सभी मील के पत्थर 31 अक्टूबर तक हासिल किए जा रहे हैं। राम मंदिर का निर्माण 2019 में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद टाइटल सूट पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद शुरू हुआ। हिंदू पक्षकारों ने तर्क दिया कि बाबरी मस्जिद का निर्माण भगवान राम के जन्मस्थान को चिह्नित करने वाले मंदिर के स्थल पर किया गया था। अधिकारियों का अनुमान है कि राम मंदिर परियोजना के लिए भूनिर्माण कार्य पूरा होने में 6-8 सप्ताह लगेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि नवीनतम तकनीक की मदद से, भूमि भराई और भूनिर्माण कार्य में बहुत अधिक समय नहीं लगेगा। और मंदिर में आने वाले लोग बगीचों और हरियाली में अपना समय बिता सकेंगे। मंदिर ट्रस्ट बाद में यह तय करेगा कि भक्तों के लिए कौन से क्षेत्र खोले जाएंगे। ट्रस्ट के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, चरणबद्ध तरीके से राम मंदिर परिसर में 20 से अधिक विभिन्न तत्वों और रुचि के बिंदुओं को विकसित किया जा रहा है।

# कर्नाटक : कांग्रेस विधायक ने आवास आवंटन में रिश्वतखोरी के दावे को सही बताया, शिवकुमार ने निंदा की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक बी आर पाटिल ने शनिवार को कहा कि आवास के आवंटन में रिश्वतखोरी के बारे में उनके दावे सही हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने विधायक के बयान की निंदा की और स्पष्ट किया कि ऐसी बातें स्वीकार नहीं की जा सकतीं। कर्नाटक राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष पाटिल ने आवास मंत्री जमीर अहमद खान के निजी सचिव सरफराज खान के साथ फोन पर बातचीत में मकानों के आवंटन में रिश्वतखोरी का आरोप लगाया था, जिससे राज्य में उनकी अपनी पार्टी की सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई। बातचीत का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं किसी भी कारण से इसे स्वीकार नहीं करता। मुझे समझ में नहीं आया कि उन्होंने (पाटिल ने) क्या कहा है। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आ गया है। वह आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, जब आवास आवंटन पारदर्शी तरीके से हो रहा है, तो कोई भी लाभार्थी पैसे कैसे दे सकता है? निर्णय कौन लेता है? यह जिम्मेदारी पंचायतों और स्थानीय निकाय के पास है। धन का यह मामला सरकार के मंत्री के पास कैसे आएगा? उपमुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (पाटिल) किस इरादे से कहा है? यह ठीक नहीं है...मैं इसकी निंदा करता हूं। मुख्यमंत्री और मैं उनसे बात करेंगे। इस बीच, पत्रकारों से बातचीत में अलंद से कांग्रेस विधायक पाटिल ने कहा कि





ऑडियो में उनकी आवाज है और उन्होंने सच कहा है। उन्होंने कहा, यह (ऑडियो में) मेरी आवाज है। मुझे जो कहना था, कह दिया है। मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री क्या करेंगे। अगर वह मुझे बुलाते हैं तो मैं जाकर उनसे बात करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार हुआ है, उन्होंने कहा, सभी सरकारों के दौरान यह (भ्रष्टाचार) हुआ है, लेकिन हम (कांग्रेस) जनहितैषी प्रशासन का वादा करके सत्ता में आए थे और ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या पैसा देकर आवास आवंटित किए गए, विधायक ने कहा कि सभी मामलों में नहीं, लेकिन पांच-छह पंचायतों में पैसा देकर मकान आवंटित किए गए। उन्होंने कहा, मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मकानों के आवंटन के लिए चार पत्र दिए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ, लेकिन पंचायत अध्यक्षों ने यह काम करवा दिया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को अपना नेता बताते हुए पाटिल ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री बुलाएंगे तो वह उनसे जाकर बात करेंगे। उन्होंने कहा, मैं उन्हें बताऊंगा कि क्या हुआ है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने कोई स्पष्टीकरण मांगा है, तो उन्होंने कहा, नहीं। विधायक ने कहा कि पैसे लेकर आवासों का आवंटन न केवल उनके निर्वाचन क्षेत्र में, बल्कि अधिकतर स्थानों पर हुआ। उनके बयान के जरिए कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधने के लिए भाजपा पर पलटवार करते हुए विधायक ने कहा, भाजपा के लोग पाक-साफ नहीं हैं। वे वही लोग हैं जिन्होंने गंदे काम किए...आज भी सिद्धरमैया के नेतृत्व में स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयास जारी हैं। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से प्रतिक्रिया मांगी है।

### संगठन में बदलाव की शुरुआत : गुजरात कांग्रेस ने 40 जिलों में घोषित किए नए अध्यक्ष

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी ने अब गुजरात में अपने संगठन मे बदलाव की शुरुआत कर दी है. संगठन सृजन अभियान की कवायद के बाद राज्य के नए जिला एवं शहर प्रमुखों को ऐलान कर दिया है. पार्टी ने अहमदाबाद शहर अध्यक्ष सोनल पटेल को बनाया है तो वहीं वडोदरा शहर और जिले में पुराने प्रमुखों को बरकरार रखा है. कुल मिलाकर पार्टी ने 40 जिला अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया है. गुजरात कांग्रेस की तरफ से जारी की गई सूची में अध्यक्षों को रिपीट किया गया है, लेकिन एक अनुमान के तहत करीब 50 फीसदी ऐसे नाम हैं. जिन्हें पहली बार जिला/शहर अध्यक्ष का दायित्व मिला है. मतलब साफ है कि पार्टी अब पुराने और नए दोनों कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर चलने की कोशिश कर रही है. कांग्रेस आने वाले कुछ दिनों के भीतर इस अभियान के तहत अन्य राज्यों में भी जिला अध्यक्षों के नामों का ऐलान करेगी. इस अभियान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है. राजकोट शहर में डॉ.राजदीप सिंह जाडेजा, राजकोट ग्रामीण में हितेश वोहरा, साबरकांठा में रामभाई सोलंकी, सूरत ग्रामीण में आनंद चौधरी, सूरत शहर में विपुलभाई उधनावाला, सुरेन्द्रनगर में नौशाद सोलंकी, तापी में वैभवकुमार गामित, वडोदरा ग्रामीण में जसपाल सिंह पढियार, वडोदरा शहर में ऋत्विक जोशी और वलसाड में किशनभाई पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है।

### गुरुग्राम के सरस्वती कुंज में बुलडोजर ऐक्शन, 150 झुग्गियां मलबे में तब्दील

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स रोड पर सेक्टर-53 स्थित सरस्वती कुंज कॉलोनी में शुक्रवार को सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर वाली कार्रवाई की गई। इस दौरान 150 से अधिक झुग्गियों और कई मकानों को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया गया। डीटीपीई अमित मधोलिया के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता सुबह 11 बजे सरस्वती कुंज कॉलोनी में पहुंचा। वहां करीब 150 झुग्गियां अवैध रूप से सरकारी जमीन पर डाली गई थीं। इन झुग्गियों से किराया वसूल किया जा रहा था। दो दिन पहले मुनादी करवाकर लोगों को इन्हें खाली करने के आदेश जारी किए गए थे। तोड़फोड़ दस्ते के पहुंचते ही लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद टीम ने झुग्गियों को तोड़ना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे के अंदर इन सभी झुग्गियों को जमींदोज कर दिया गया।

**24 कमरे और दो निर्माणाधीन कोठियां भी गिराईं :** इसके बाद अवैध रूप से बनाए गए 24 कमरों को भी बुलडोजर की मदद से गिरा दिया गया। यहां 500 वर्ग गज जमीन पर एक प्रॉपर्टी डीलर ने अवैध रूप से अपना ऑफिस बनाया हुआ था, उसे भी मलबे में मिला दिया गया। इसी तरह 500-500 वर्ग गज जमीन पर निर्माणाधीन दो कोठियों को भी गिरा दिया गया। डीटीपीई मधोलिया ने बताया कि सरस्वती कुंज कॉलोनी में निर्माण पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद प्लॉट मालिक बिना मंजूरी के अवैध रूप से कोठियां बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी अवैध निर्माण को मलबे में मिला दिया गया है। झुग्गियों में रहने वाले लोगों को चेतावनी दी है कि यदि दोबारा यहां पर झुग्गी डाली तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से पुलिस अवैध निर्माण करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

**7 अवैध कॉलोनियों पर चले थे बुलडोजर :** बता दें कि, इससे पहले गुरुवार को भी भौंडसी और गांव अलीपुर में अवैध रूप से पनप रही 7 कॉलोनियों में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने बुलडोजर चलाया था। अलीपुर गांव में करीब नौ एकड़ में अवैध रूप से चार कॉलोनियां काटी जा रही थीं।

### यौन उत्पीड़न पीड़िता को अनचाहे गर्भ के लिए नहीं किया जा सकता मजबूर, हाई कोर्ट का फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि यौन उत्पीड़न की शिकार किसी लड़की को उसके अनचाहे गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ न्यायालय ने मेडिकल एक्सपर्ट्स की रिपोर्ट के बावजूद 28 सप्ताह की गर्भवती 12 वर्षीय लड़की को गर्भपात की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि अगर पीड़िता को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाता है तो अदालत उसे अपने जीवन का मार्ग तय करने के अधिकार से वंचित कर देगी। जांच के बाद एक मेडिकल बोर्ड ने राय दी थी कि लड़की की उम्र और भ्रूण के विकास के चरण को देखते हुए, गर्भपात की प्रक्रिया अत्यधिक जोखिम भरी होगी।

जस्टिस नितिन साम्ब्रे और जस्टिस सचिन देशमुख की पीठ ने 17 जून के अपने आदेश में कहा कि गर्भपात की अनुमति देनी होगी। पीठ ने कहा, 'यह अदालत पीड़िता को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, क्योंकि ऐसी स्थिति में पीड़िता से उसके जीवन के तात्कालिक और दीर्घकालिक मार्ग तय करने के अधिकार को छीना जा रहा है।' लड़की का उसके एक करीबी रिश्तेदार ने यौन उत्पीड़न किया था।

# भारत ने कच्चे तेल की खरीद को लेकर अपनी रणनीति में किया बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल और ईरान का युद्ध चल रहा है। इस बीच अमेरिका ने भी ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला बोला दिया है। इन सबके बीच भारत ने कच्चे तेल की खरीद को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है। बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं, सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजरायल के साथ शामिल हो गया है। इजरायल ने 13 जून को सबसे पहले ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमला किया था।

**रूस से इतनी खरीदारी :** वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इसके साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है। मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था।

**पश्चिम एशिया से होता रहा है आयात :** केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, जो पिछले महीने की खरीद से कम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल



आयातक और उपभोक्ता देश भारत विदेशों से लगभग 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है। इसे रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत पारंपरिक रूप से पश्चिम एशिया से कच्चा तेल खरीदता रहा है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के तुरंत बाद भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था।

**कभी सिर्फ एक फीसदी होता था आयात :** इसका मुख्य कारण यह था कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज करने के कारण रूसी तेल अन्य अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में काफी सस्ते दाम पर उपलब्ध था। इसके कारण भारत के रूसी तेल आयात में नाटकीय वृद्धि देखी गई। कभी भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात एक प्रतिशत से भी कम था। लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यह थोड़े से समय में ही बढ़कर 40-44 फीसदी तक पहुंच गया था।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने को लेकर सख्त हुए फारुख अब्दुल्ला, बोले-सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा बहाल करने को लेकर अब नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला की हिम्मत जवाब देने लगी है। शनिवार को उन्होंने केंद्र सरकार को संकेत देते हुए कहा कि अगर राज्य का दर्जा बहाल करने में इसी तरह से देरी होती रही तो उनकी पार्टी के पास सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। इससे पहले फारुख अब्दुल्ला के बेटे और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस सवाल पर कहा था कि उन्हें पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भरोसा है वह जल्दी ही राज्य का दर्जा बहाल करेंगे। मीडिया से बात करते हुए फारुख अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू-कश्मीर की सरकार को बने हुए आठ महीने हो गए हैं। मुझे उम्मीद है कि जब यहां राज्य का दर्जा बहाल होगा तो हमें अधिकार भी मिलेंगे.. हमारा रुख यह है कि हम राज्य का दर्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन अगर इसमें इसी तरह से देरी होती रही तो हमारे पास सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा जम्मू-कश्मीर की



सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उनकी पार्टी लगातार केंद्र के ऊपर राज्य का दर्जा बहाल करने का दबाव बना रही है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया था और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में तोड़ दिया था। जिसमें एक हिस्सा जम्मू-कश्मीर है, तो वहीं दूसरा हिस्सा लद्दाख है। शनिवार को एनसी के मुख्यालय पर हुए उनकी कार्यसमिति की बैठक में सभी सदस्यों ने एक जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समिति के लोगों ने कहा कि विशेष दर्जा राज्य के लोगों की आकांक्षाओं और सम्मान का केंद्र है और इसे बिना किसी देरी के संबोधित किया जाना चाहिए। हम इसकी बहाली के लिए संघर्ष करना जारी रखेंगे। पार्टी ने संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों में की गई प्रतिबद्धताओं की ओर इशारा करते हुए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने आह्वान को भी दोहराया। एनसी ने कहा, कार्यसमिति ने भारत सरकार से जम्मू-कश्मीर को तुरंत पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भी आग्रह किया, जैसा कि संसद में वादा किया गया था, बार-बार सार्वजनिक रूप से भी दोहराया गया था, और सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने भी प्रतिबद्धता जताई थी।

# जयशंकर ने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर कहा- हमें हर समय सुगमता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत को पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों के मामले में हर समय सुगमता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बिना अधिक विवरण साझा किए जयशंकर ने कहा, आखिरकार, हमारे प्रत्येक पड़ोसी को यह समझना चाहिए कि भारत के साथ काम करने से आपको लाभ होगा और भारत के साथ काम न करने की एक कीमत चुकानी पड़ेगी।

विदेश मंत्री ने डीडी इंडिया पर आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कहा, कुछ लोगों को इसे समझने में अधिक समय लगता है, जबकि कुछ लोग इसे बेहतर समझते हैं। बेशक इसका एक अपवाद पाकिस्तान है, क्योंकि उसने अपनी पहचान सेना के तहत परिभाषित की है और उसमें शत्रुता का भाव है। इसलिए यदि आप पाकिस्तान को एक तरफ रख दें, तो यह तर्क हर जगह लागू होगा।

जयशंकर ने शनिवार रात अपने एक्स हैंडल पर लगभग एक घंटे की बातचीत का लिंक साझा किया। विदेश मंत्री से एक रणनीतिक विशेषज्ञ के साथ बातचीत में पिछले 11 वर्षों में अमेरिका और चीन के रुख में आए बदलावों के बारे में भी पूछा गया और पूछा गया कि नयी दिल्ली इस बदलाव को कैसे देखती है। जयशंकर ने कहा, जहां तक ??अमेरिका का सवाल है, हां, उसके



बारे में अंदाजा लगाना मुश्किल है, इसलिए एक व्यवस्थित स्तर पर, आप इसे यथासंभव अधिक से अधिक संबंधों के साथ स्थिर करते हैं।

उन्होंने कहा, यदि आपको चीन के सामने खड़ा होना है, तो हम काफी कठिन दौर से गुजर चुके हैं, इसलिए क्षमताओं को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण है। बातचीत के दौरान जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में प्रगाढ़ता तथा खाड़ी देशों के साथ बढ़ती नजदीकी के साथ ही आसियान और हिंद-प्रशांत क्षेत्रों के साथ संबंधों में प्रगाढ़ता के बारे में विस्तार से बात की।

# अंतरजातीय विवाह पर गुस्साया समाज, परिवार के 40 सदस्यों का मुंडवाया सर, जुर्माना भी दिया

**रायगढ़ , एजेंसी।** ओडिशा के रायगढ़ जिले में एक अंतरजातीय विवाह के बाद एक परिवार को सामाजिक बहिष्कार और जबरन शुद्धिकरण का सामना करना पड़ा. गांव वालों ने जानवरों की बलि दी और परिवार के सदस्यों का मुंडन करवाया. प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है. ओडिशा के रायगढ़ जिले के काशीपुर ब्लॉक के बैगनगुडा गांव में अंतरजातीय विवाह को लेकर एक मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाली घटना सामने आई है. गांव की एक युवती द्वारा अनुसूचित जाति के युवक से विवाह करने पर उसके परिवार को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ा. इसके बाद गांव वालों ने लड़की के परिवार को तथाकथित शुद्धिकरण की प्रक्रिया से गुजरने के लिए मजबूर किया. इस प्रक्रिया के तहत जानवरों की बलि दी गई और परिवार के 40 सदस्यों का जबरन मुंडन कराया गया. जानकारी के मुताबिक, बैगनगुडा गांव की युवती ने प्रेम विवाह कर पास के ही एक गांव के अनुसूचित जाति समुदाय के युवक से विवाह कर लिया. यह विवाह गांव के तथाकथित जातिगत मानदंडों के खिलाफ माना गया. विवाह के बाद युवती के परिवार और रिश्तेदारों को भारी सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा. जबरन शुद्धिकरण और मुंडन कराया गया



ग्रामीणों ने युवती के परिवार पर दबाव बनाया कि अगर वे अपनी जाति में वापसी करना चाहते हैं, तो उन्हें पारंपरिक शुद्धिकरण प्रक्रिया से गुजरना होगा. इस प्रक्रिया के तहत जानवरों की बलि दी गई और परिवार के 40 सदस्यों का जबरन मुंडन कराया गया. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, समुदाय ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक परिवार को सामाजिक तौर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा. दबाव में आकर लड़की के परिजनों और रिश्तेदारों ने इस अमानवीय और असंवैधानिक कृत्य को पूरा किया. प्रशासन ने शुरू की जांच घटना की जानकारी मिलते ही काशीपुर ब्लॉक के बीडीओ विजय सोय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने अधिकारियों को गांव में भेजकर जांच के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. यह घटना न केवल सामाजिक रूप से चिंताजनक है बल्कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और मानवाधिकारों का भी स्पष्ट उल्लंघन है. विवाह, वह भी सहज सहमति से किया गया अंतरजातीय विवाह, भारतीय संविधान के तहत पूरी तरह मान्य है, ऐसे विवाहों के कारण परिवारों को शुद्धिकरण के नाम पर बलि और मुंडन जैसी कुप्रथाओं से गुजरने के लिए मजबूर करना अमानवीय और असंवैधानिक है. फिलहाल प्रशासन की जांच जारी है और उम्मीद है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



वैभव सूर्यवंशी को भी छोड़ा पीछे

# भारतीय खिलाड़ी अभिषेक पाठक ने 33 गेंदों में जड़ा शतक, लगाए 15 छक्के

नई दिल्ली, एजेंसी। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में 35 गेंदों में शतक जड़ा था, जो लीग के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है. वैभव से भी तेज शतक अभिषेक पाठक ने मध्य प्रदेश लीग में जड़ा, उन्होंने मात्र 33 गेंदों में अपनी सेंचुरी पूरी की. पाठक ने इस विस्फोटक पारी में 90 रन तो सिर्फ छक्कों से ही बना डाले. अभिषेक भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के बड़े फैन भी हैं और उनसे क्या सीखना चाहते हैं, वो भी मैच के बाद बताया. अभिषेक पाठक सूर्यकुमार यादव के फैन हैं, उनकी इस पारी को देखकर सूर्या भी उनकी तारीफ जरूर करेंगे. शनिवार को हुए मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स टीम में शामिल अभिषेक ने करण तहलियानी के साथ पहले विकेट के लिए 178 रनों की साझेदारी की, 13 ओवर खत्म होने पर अभिषेक आउट हुए लेकिन इससे पहले वह गेंदबाजों की अच्छे से धुनाई कर चुके थे.

अभिषेक पाठक ने 33 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, वह यही नहीं रुके बल्कि इसके बाद भी विस्फोटक पारी जारी रखी. उन्होंने 48 गेंदों में 133 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 15 छक्के और 7 चौके जड़े. यानी सिर्फ 90 रन तो उन्होंने छक्कों से ही बना डाले.

अभिषेक ने दूसरे ही ओवर में 3 छक्के लगाने के बाद चौथे ओवर में रितेश शाक्या की गेंदों पर लगातार 4 छक्के जड़े. जबलपुर रॉयल लायंस के लिए सबसे ज्यादा रन रितेश ने ही दिए, उन्होंने अपने 4 ओवरों के स्पेल में 53 रन खर्चे. अनुभव अग्रवाल ने 3 ओवरों में 43 रन दिए.

### सूर्यकुमार यादव जैसा बनना चाहते हैं अभिषेक पाठक

मैच के बाद अभिषेक ने कहा, मैंने 13 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया. मैंने 16, 19 और 23 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया. मैंने सईद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेला है, ये सफर शानदार रहा है. पिछले साल भी मैंने एमपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था, मुझे नहीं लगता कि जल्द ही आईपीएल में भी खेल पाऊंगा. मुझे जहां भी खेलने का मौका मिला है, मैं सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करने और ज्यादा रन बनाने के बारे में सोचता हूं. मैं सूर्यकुमार यादव जैसी निरंतरता सीखना चाहता हूं, इसी पर मैं काम कर रहा हूं.

इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट

# 9वें टेस्ट शतक से चूके ब्रूक

प्रसिद्ध ने 99 पर किया आउट; इंग्लैंड का स्कोर 400 के पार



लीड्स, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी हेडिंग्ले टेस्ट का तीसरा दिन है। पहली पारी में भारत ने 471 रन बनाए हैं। इंग्लैंड ने तीसरे दिन का खेल 209/3 के स्कोर से शुरू किया है। हैरी ब्रूक अपने नौवें टेस्ट शतक से सिर्फ एक रन से चूक गए। प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच आउट कराया। वह 112 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 99 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेल सकते है जोफ्रा आर्चर

लंदन, एजेंसी। चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन



तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे हालांकि उनका नाम काउंटी चैम्पियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिये ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिये सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं।

## आंकड़ों के खेल में माहिर है ऋषभ पंत, उसका अपना कम्प्यूटर है: शास्त्री

लीड्स, एजेंसी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऋषभ पंत के साहसिक और मनोरंजक प्रदर्शन के बाद कहा कि यह आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज आंकड़ों का खेल खूबसूरती से खेलता है और उसके पास अपना कंप्यूटर है जिसे चलाने का तरीका सिर्फ उसे ही पता है। पंत ने दूसरे दिन अपनी अपारंपरिक बल्लेबाजी से हेडिंग्ले के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए मात्र 178 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 134 रन की साहसिक पारी खेली। पैडल स्वीप, शतक के बाद की कलाबाजी, पंत की यादगार पारी में कलात्मकता और पागलपन दोनों ही समान रूप से देखने को मिले। शास्त्री ने कहा, 'पंत आंकड़ों के खेल को खूबसूरती से खेलता है । वह अपने तरीके से खेलता है । वह तेजी से अपने खेल में बदलाव लाने में माहिर है। उसका अपना कम्प्यूटर है और उसे ही पता है कि वह कैसे काम करता है। यह उसका यूएसपी है। इससे गेंदबाज दबाव में आते हैं और वह सुपरहिट हो जाता है। असली



मनोरंजन करने वाला और मैच विनर। तीन साल पहले भयानक कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे पंत ने मैदान पर सफल वापसी की। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जमाने के बाद मैदान पर गुलाटी मारने वाले पंत के जश्न के बारे में शास्त्री ने कहा, 'इसका एक कारण है। वह इस मौके के लिए ऊपर वाले को धन्यवाद दे रहा था। घुटने टूटे हुए, हर तरफ चोट ही चोट। सर्रे के पूर्व क्रिकेटर इयान वार्ड ने कमेंट्री के दौरान कहा, 'यह (पंत) बाक्स आफिस है। सबसे मनोरंजक क्रिकेटरों में से एक। यह शतक के बेहतरीन जश्न में से है। ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला में मिली हार के दौरान खराब स्कूप शॉट पर विकेट गंवाने वाले पंत के बारे में महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा था, 'स्टुपिड, स्टुपिड, स्टुपिड। लेकिन शनिवार को उन्होंने पंत के शतक के बाद कहा, 'सुपर्ब, सुपर्ब, सुपर्ब।

## इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड और ग्लूस्टरशायर के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड वैलेंटाइन लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में मोटर न्यूरॉन रोग (एमएनडी) से जूझने के बाद निधन हो गया। 1988 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद, लॉरेंस ने 1988 और 1992 के बीच पांच टेस्ट खेले, जिसमें 18 विकेट लिए, जिसमें



1991 में द ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक प्रसिद्ध पांच विकेट हॉल भी शामिल है - उसी पारी में उन्होंने महान विव रिचर्ड्स को आउट किया था। 1992 में वेलिंगटन, न्यूजीलैंड में एक टेस्ट मैच के दौरान लगी भयानक घुटने की चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय करियर दुखद रूप से समाप्त हो गया। 2023 में, उन्हें मोटर न्यूरॉन रोग का पता चला, जो जीवन को छोटा करने वाला एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनता है जो कुछ महीनों या वर्षों में खराब हो जाता है। लॉरेंस परिवार की ओर से ग्लूस्टरशायर द्वारा साझा किए गए एक बयान में कहा गया, हमें बहुत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डेव लॉरेंस एमबीई का निधन हो गया है.

National Day Bo&ing:

# सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में भारत का शानदार प्रदर्शन, छह मुक्केबाज फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत के छह मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

भारत के छह मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। कजाखस्तान में एलोरडा कप में खेल चुके उत्तर प्रदेश के आदित्य प्रताप (65 किलो ) ने तीसरे दौर में स्थानीय मुक्केबाज जोवानी बूजिन को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) पर हराया। राष्ट्रीय संयुक्त फाइनल्स में रजत पदक विजेता नीरज (75 किलो) ने आरएससी पर दूसरे दौर में जीत दर्ज की। बेलग्रेड मुक्केबाजी चैंपियन रहे और एलीट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हरियाणा के हिमांशु शर्मा





(50 किलो ) ने मॉरीशस के मथियू एस को 4-1 से हराया। उत्तर प्रदेश के आशीष एम ने 55 किलो वर्ग में मॉरीशस के गुइलॉमी फ्रांसिस को 4-1 से मात दी।

राष्ट्रीय संयुक्त चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता हरियाणा के अनमोल (60 किलो) ने सेशेल्स के डारियो गैब्रियेल को 4-1 से हराया। कार्तिक दलाल (70 किलो) को दक्षिण अफ्रीका के ब्लेसिंग एनजियाना ने 4-1 से शिकस्त दी। एलोरडा कप 2024 के कांस्य पदक विजेता और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीत चुके गौरव चौहान को 90 प्लस वर्ग में सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है।

# कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया



नई दिल्ली, एजेंसी। कनाडा क्रिकेट टीम ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अमेरिका क्वालीफायर के मेजबान ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है।

आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कलीम सना और शिवम शर्मा ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जिससे कनाडा ने बहामास को सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद इस छोटे से लक्ष्य को कनाडा के बल्लेबाजों ने सिर्फ 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल लिया गया। कनाडा के बल्लेबाज दिलप्रीत बाजवा ने 14 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप में भाग लेने के बाद कनाडा क्वालीफायर में आगे बढ़ने के लिए पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में पहुंचा।

निकोलस किर्टन की अगुवाई वाली कनाडाई टीम ने बरमूडा के खिलाफ 110 रनों से बड़ी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद केमैन आइलैंड्स के खिलाफ 59 रनों से जीत दर्ज की। फिर अगले मैच में बहामास को 10 विकेट से रौंदा। चौथे मैच में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ आरामदायक जीत दर्ज की। अब अपने पांचवें मैच में लगातार जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। कनाडा अब उन 10 टीमों की सूची में शामिल हो गया है जो 20 टीमों के इस आयोजन के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इसके साथ ही सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी इसमें शामिल हैं।

अन्य क्वालीफाई करने वाली टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं। अब सात टीमें विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने से बची हैं। इनमें यूरोप क्वालीफायर से दो (5-11 जुलाई तक), अफ्रीका क्वालीफायर से दो (19 सितंबर - 4 अक्टूबर) और एशिया-ईएपी क्वालीफायर से तीन (1-17 अक्टूबर) टीमें पुरुष टी 20 विश्व कप में शामिल होंगी।

एफआईएच प्रो लीगः

# भारत को बेल्जियम ने 3-6 से हराया



एंटवर्प, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में बेल्जियम से 3-6 से हार गई। भारत की तरफ से दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा। भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद दिलप्रीत सिंह के 36वें मिनट और मनदीप सिंह के 38वें मिनट में किए गए गोल से वापसी की थी। वहीं, अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में गोल दागकर टीम को मैच में बनाए रखा था।

मैच के आखिरी क्षणों में लगे 3 गोल की वजह से टीम इंडिया को 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। बेल्जियम के लिए आर्थर वैन डोरेन ने पहले और 54वें, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 28वें, रोमन डुवेकोट ने 49वें, थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने 53वें और टॉम बून ने 59वें मिनट में गोल दागे। मैच के पहले मिनट के 20 सेकंड में बेल्जियम ने दो पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोलकीपर सूरज करकेरा ने अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स की ड्रैग-फ्लिक को रोक दिया, लेकिन आर्थर वैन डोरेन ने रिबाउंड पर गोल करके मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। बेल्जियम की तेज शुरुआत की वजह से भारत पिछड़ गया। भारत ने मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी। अपनी मजबूत तकनीकी क्षमता से उत्साहित, भारत ने दूसरे क्वार्टर में मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

शानदार स्टिक-वर्क के साथ, बेल्जियम के मैन-टू-मैन डिफेंस पर दबाव बनाया और लगातार दो पेनाल्टी कॉर्नर जीते। खेल के दौरान, बेल्जियम ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली, जब हेंड्रिक्स ने हाफ-टाइम से ठीक पहले पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत शानदार तरीके से की, जिसमें उसने अपना मजबूत इरादा दिखाया। लेकिन, बेल्जियम ने धीरे-धीरे खेल पर फिर से कब्जा कर लिया। भारत को अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में एक घातक झटका लगा, जब रोमन डुवेकोट ने टॉम बून के कुशल रन के बाद करीब से गोल करके पेनाल्टी कॉर्नर के बाद बढ़त हासिल कर ली। अंतिम दस मिनट में खेल काफी रोमांचक रहा और विक्टर फाबर्ट के शानदार रन के बाद बेल्जियम ने फिर से गोल किया, जिससे थिब्यू स्टॉकब्रोक्स को आसानी से गोल करने का मौका मिला। भारत की मुश्किलें तब भी जारी रहीं जब सर्किल के अंदर से आर्थर वान का जबरदस्त शॉट अमित रोहिदास से टकराकर नेट में जा लगा और स्कोर 5-2 हो गया। अमित रोहिदास ने एक महत्वपूर्ण पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की तरफ से तीसरा गोल किया। अंतिम कुछ मिनटों में टॉम बून ने बेल्जियम के लिए छठा गोल करके टीम को बड़ी जीत दिला दी।



# आईपीएल करियर में 0 रन बनाने वाले बल्लेबाज ने 12 छक्कों के साथ ठोके 156 रन

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में एक भी रन नहीं और अमेरिका में चल रही एमएलसी में जब उतरा तो 12 छक्कों के साथ 156 रन ठोक डाले. हम बात कर रहे हैं 23 साल के ओपनर मिचेल ओवन की, जिन्होंने मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ ताबड़तोड़ पारी खेली. नतीजा, ये हुआ कि वॉशिंगटन फ्रीडम को वो बेहतरीन शुरुआत मिली, जिसके दम पर आगे बढ़ते हुए उस टीम ने एमएलसी 2025 में अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की. मतलब उसने लगातार तीसरी जीत की पटकथा लिखी. वॉशिंगटन फ्रीडम तीसरा मैच मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ 2 विकेट से जीता. मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 188 रन बनाए थे. जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम ने 189 रन के लक्ष्य को 4 गेंद पहले ही 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस तरह उसने एमएलसी 2025 में अब तक खेले 4 मैचों में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. मतलब, वाशिंगटन फ्रीडम ने अपना सिर्फ पहला मैच ही गंवाया है.

**एमएलसी 2025 में 12 छक्के के साथ ठोके 156 रन**

मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ वाशिंगटन फ्रीडम की जीत में मिचेल ओवन की अहम भूमिका रही. इस मैच में उन्होंने 230.76 की स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों में 60 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 5 छक्के शामिल रहे. इसी के साथ अब तक खेले 4 मैचों में मिचेल ओवन ने कुल 156 रन एमएलसी 2025 में बनाए हैं, जिसमें 12 छक्के शामिल रहे हैं.

मिचेल ओवन वही खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स ने ग्लेन मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर जोड़ा था. पंजाब ने 3 करोड़ रुपये में ये डील की थी. हालांकि, मिचेल ओवन के आईपीएल करियर की शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी होनी चाहिए थी.

उन्होंने आईपीएल में डेब्यू तो किया मगर उस मैच में वो खाता नहीं खोल पाए. मिचेल ओवन को बिना कोई रन बनाए ही डगआउट लौटना पड़ा. हालांकि, उस एक इनिंग ही आईपीएल 2025 में उनकी आखिरी इनिंग भी बनी. लेकिन, एमएलसी 2025 में मिचेल ओवन ने आईपीएल 2025 जैसा प्रदर्शन नहीं किया.

बल्कि पारी की शुरुआत करते हुए अपनी टीम के लिए बेजोड़ बुनियाद रख रहे हैं. यही वजह है कि वाशिंगटन फ्रीडम की तीसरी जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया.

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**पन्ना।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर स्थित सांस्कृतिक हॉल में सामूहिक योगाभ्यास हुआ। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा भी सामूहिक योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।




जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। साथ ही दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लाभ से भी अवगत कराया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग की महत्ता को स्वीकार किया गया और वर्ष 2015 से प्रति वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरूआत हुई। दुनिया के 175 देशों द्वारा योग दिवस के आयोजन को समर्थन दिया गया। विधायक श्री सिंह ने प्रत्येक नागरिकों से नियमित रूप से योग करने का आह्वान भी किया।

जिले के अन्य स्थानों पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुनौर के सरस्वती उ.मा. विद्यालय में विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने आमजनों के साथ योग किया। साथ ही योग को भारत द्वारा संपूर्ण विश्व को प्रदत्त सबसे अनुपम उपहार बताया। विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का तन, मन और आत्मा को जोड़ने वाला अमूल्य सूत्र भी है। पवई के शासकीय मॉडल स्कूल में आयोजित योग संगम कार्यक्रम में विधायक प्रहलाद लोधी के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास हुआ। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार प्रीति पंथी, जपं सीईओ अखिलेश उपाध्याय तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा सहभागिता की गई।

इसके अतिरिक्त शासकीय संस्थाओं में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला एवं परियोजना कार्यालय सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों में योग दिवस मनाया गया। इसमें विभाग के लोक सेवकों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा योगाभ्यास कर एवं योग संगम पोर्टल पर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस क्रम में विभाग की संस्था वन स्टॉप सेंटर में भी प्रशासक कविता पाण्डेय सहित कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योग किया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में भी योग दिवस के तहत सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में

# मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचक नामावली से जुड़ी जानकारी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में शनिवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचक नामावली सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता और जिम्मेदारी से लें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रदेश के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया।

आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर्स का मूल्यांकन किया गया। इसके लिए आईआईआईडीईएम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 10 जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निवार्चन पदाधिकारी सुरभि तिवारी एवं राजेश यादव, राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रवास जैन, वाई.पी. सिंह भी उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का आगमन 24 जून को

**पन्ना।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया मंगलवार, 24 जून को सुबह 8 बजे सकौर से प्रस्थान कर पन्ना आएंगे। आयोग अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया 11 बजे पन्ना में पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निरीक्षण कर दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे एवं शाम 5 बजे छतरपुर रवाना होंगे।

# लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का सात दिवस का मानदेय काटा

**पन्ना।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने शनिवार को अजयगढ़ एवं पन्ना ग्रामीण परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अजयगढ़ परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र बगहा एवं सलैया बंद पाए जाने पर बगहा की कार्यकर्ता मनीषा गुप्ता एवं सहायिका सुनीता बाई तथा सलैया की कार्यकर्ता कस्तूरी शिवहरे एवं सहायिका सावित्री बाई गौड़ को केन्द्र संचालन में लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिवस का मानदेय काटने की कार्रवाई की गई। साथ ही पांच दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। समाधानकारक जवाब प्रस्तुत न करने पर एवं कृत्य की पुनरावृत्ति पर संबंधितजनों को भर्ती नियम 2007 के तहत पद से पृथक किया जाएगा।

इस संबंध में जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को भी समय सारणी अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है अन्यथा कार्य के प्रति लापरवाही पाए जाने एवं केन्द्र बंद मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# अखिल भारतीय कोली समाज संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** अखिल भारतीय कोली समाज के तत्वाधान में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम पन्ना को ज्ञापन सोपा गया है- ज्ञापन के माध्यम से अखिल भारतीय कोरी समाज संगठन इकाई पन्ना के नेतृत्व में कबीरपंथी समाज के लोगों ने

मांग कि गयी कि पन्ना जिले के पवई तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पड़रिया कला में लगभग 250 वर्षों से सदगुरु कबीर आश्रम बना हुआ है, जहां आश्रम परिसर में हो रही अवैध अनैतिक गतिविधियों एवं अतिक्रमण को हटाए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री से की गई है ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पन्ना जिले के विभिन्न तहसीलों में लगभग 65 हजार कबीरपंथी समाज की जनसंख्या है जो इन कबीरपंथी अनुयायियों का आस्था का केंद्र बिंदु है। यह स्थान पन्ना जिले का सबसे बड़ा प्राचीनतम स्थान है जहां साल भर पन्ना जिले के अलावा कटनी दमोह छतरपुर सतना एवं विभिन्न जिलों से श्रद्धालु यहां आकर के पूजा पाठ शादी विवाह भंडारे चौका आरती आदि विभिन्न कार्यक्रम करते आ रहे हैं।




मंदिर प्रसिद्ध क्षेत्र में कुछ आसमाजिक तत्व झोपड़ी बनाकर अनैतिक कार्य कर रहे हैं जिसके कारण मंदिर आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से मंदिर परिसर की उक्त भूमि को शासकीय अभिलेखों में दर्ज किया जाए एवं ऐसे सामाजिक तत्वों को मंदिर परिसर से हटाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय कोरी समाज संगठन के जिला अध्यक्ष डालचंद कोरी,युवा जिला अध्यक्ष पूरनलाल कोरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष राजा बेटी जिला उपाध्यक्ष विश्राम कोरी, सचिव कमलेश जिला कार्यकारिणी सदस्य आशीष अनुरागी, जितेंद्र राजू रवि शाक्य, पुष्पेंद्र कोरी, जीतेन्द्र सिंह समाजसेवी आदि

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस

**पन्ना।** पूरे देश में योग दिवस बड़े हुए उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें करोड़ों लोगों ने योग दिवस में भाग लिया इसी कड़ी में श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई एवं योग प्रशिक्षक सरदार सिंह यादव ने सभी को योग कराया तथा विभिन्न आसनों के संबंध में बताया कि योग स्वस्थ्य जीवन जीने की कला है। यह एक ऐसा अभ्यास है जो शरीर और मन को निरोगी बनाने का काम करता है। योग भारत ही नहीं पूरे विश्व में किया जाता है। इसका इतिहास काफी पुराना है। ऋषि-मुनि भी योग किया करते थे। लोगों में योग के प्रति जागरूकता की अलख जगाने के लिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस खास मौके पर जगह-जगह योग से संबंधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्क से लेकर खुले मैदानों में लोग एकजुट होकर योग करते हुए नजर आ रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण के दौरान योग दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

# दो लाख रूपये ठगने वाली लुटेरी दुल्हन सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पन्ना पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्रांतर्गत एक युवक के साथ झूठे नाम व पहचान का उपयोग कर विवाह का नाटक रचने और विवाह उपरांत 02 लाख रूपये की रकम लेकर फरार हो जाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में फरियादी पंकज पाठक निवासी ग्राम छिजौरा द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई कि मेरे पहचान के एक व्यक्ति द्वारा मेरी शादी दिनांक 15 जून 2025 को महोबा (उ.प्र.) के छोटी चंडिका मंदिर में कल्पना तिवारी (असल



नाम वर्षा दुबे) से करवाई गई। विवाह उपरांत लड़की को गरीब बताकर मुझसे शादी एवं अन्य खर्च के नाम पर दो लाख रूपये ले लिये गये । विवाह के कुछ दिनों बाद दिनांक 18 जून को लड़की कल्पना तिवारी (असल नाम वर्षा दुबे) घर से बिना बताए चली गई। जब मैने लडकी के संबंध में जानकारी ली तो मुझे पता चला लडकी पहले से शादीशुदा है। पैसो के लिये लडकी ने अपने पति एवं मेरे पहचान के व्यक्ति के साथ मिलकर मुझसे झूठी शादी का नाटक रचाकर मुझसे दो लाख रूपये की धोखाधड़ी की है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 193/2025 धारा 318(4),319(2) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

मामले में थाना प्रभारी सलेहा द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल आरोपियों की तलाश हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20/06/25 को ग्राम कठवरिया से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी शेष है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जावेगा । पुलिस ने

वर्षा द्विवेदी उर्फ कल्पना तिवारी, निवासी थाना राठ, जिला हमीरपुर (उ.प्र.) एवं लकी द्विवेदी, निवासी थाना राठ, जिला हमीरपुर (उ.प्र.) द्वाश गिरफ्तार किया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, प्र.आर. विपिन पाण्डेय, रियाज खान, आर. जीतेन्द्र गोयल एवं अन्य थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा ।

# डॉ एम.पी. पाण्डेय ने परिवार संग मनाई वैवाहिक जीवन की पचासवीं बर्ष गांठ, भगवान किशोरी का लिया आशीर्वाद

**पन्ना।** जीवन के पचास वसंत एक साथ बिताने की सौगात बहुत कम लोगों को मिलती है। ऐसा ही एक सुखद और प्रेरणास्पद अवसर मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के आजीवन सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ एम.पी. पाण्डेय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रामरति पाण्डेय के जीवन में आया, जब उन्होंने अपनी वैवाहिक जीवन की 50वीं वर्षगांठ पूरे परिवार और समाज के सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति में किशोर जु मंदिर प्रांगण में आत्मीयता और श्रद्धा से मनाई।




इस शुभ अवसर डॉ पाण्डेय के परिजनों, ग्राम पंचायत गड़ोखर के सरपंच केवलिया व लक्ष्मण सिंह परमार, कन्हैया लाल मिश्रा सहित एक सैकड़ा से अधिक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति से यह पल और अविस्मरणीय बन गया। डॉ पाण्डेय ने स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उनका विवाह 19 जून 1975 को ग्राम भारतपुरा (तहसील बिजावर) निवासी प्रतिष्ठित चौराहा परिवार से जुड़ी श्रीमती रामरति पाण्डेय संग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ था।

इस भावभीने अवसर पर डॉ पाण्डेय के सुपुत्र दिवाकर प्रसाद पाण्डेय, रामप्रकाश, सतीश और राज पाण्डेय सहित समस्त परिवार के सदस्यों ने सहभागिता निभाई। आयोजन में मिठाइया बांटी गईं की तथा मंगल गीतों ने वातावरण को आनंदमयी बना दिया।

कार्यक्रम में जनमानस की आत्मीय सहभागिता यह दर्शाती है कि डॉ पाण्डेय और उनका परिवार सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक मूल्यों के प्रतीक हैं। यह स्वर्ण जयंती समारोह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया।

# अनुसूचित जाति के अनाथ मासूमों के आशियाने पर दबंगों का कब्जा

## जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे अधिकारी, दबंग दे रहे जान से मारने की धमकी

**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बड़गड़ी निवासी अनुसूचित जाति के 3 अनाथ मासूम बच्चे बड़ी लड़की 14 वर्ष, छोटी लड़की 8 वर्ष एवं लड़का 12 वर्ष जिनके कुछ वर्षों पूर्व माता-पिता का निधन हो चुका है। कुछ समय तक बच्चों को रिश्तेदारों के द्वारा रखा गया और जब बच्चे अपने घर पहुंचे तो वहां कवि मिश्रा निवासी बृजपुर के द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिसके द्वारा गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए बच्चों एवं उन्हें लेकर पहुंचे उनके बुआ पूनम कोरी और फूफा हरगोविंद कोरी को भगा दिया गया, मामले की शिकायत बृजपुर थाना में की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद पीडित बच्चों ने कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में भी न्याय की गुहार लगाई, कोई




कार्यवाई नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, तहसील कार्यालय और अजाक थाना में न्याय की गुहार लगाई लेकिन अभी तक उन्हें कहीं से न्याय का आश्वासन नहीं मिला केवल यहां से वहां भटकाया जाता रहा। बच्चों की बुआ पूनम कोरी ने बताया कि उसके भाई घंसू कोरी व भाभी की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है जिसकी जांच करवाई जाए तो रहस्य खुल सकता है, लेकिन काफी समय बीत चुका है। आगे बताया कि बड़े भाई श्यामलाल कोरी ने अपने हिस्से की जमीन छतरपुर के किसी व्यक्ति को बेच दी थी, कुछ समय बाद छोटे भाई की पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी मिली एवं कुछ समय बाद जहर के कारण भाई की भी मृत्यु हो गई जो दिन भर तड़पता रहा लेकिन किसी ने अस्पताल नहीं पहुंचा जिससे उसकी मौत हो गई। पति पत्नी की मौत के बाद छोटे-छोटे बच्चों को हम अपने घर ले आए और जब बच्चों को लेकर उनके घर पहुंचे जहां सारा गृहस्थी का सामान रखा है वहां कवि मिश्रा के द्वारा तारबारी लगाकर घर में कब्जा कर लिया गया है। जो गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहा है। बच्चों के नाम बड़गड़ी स्कूल में लिखे हैं घर में दबंगों का कब्जा होने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो रही है।

# राजेंद्र कुशवाहा जिला कुशवाहा समाज पन्ना के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**पन्ना।** जिला कुशवाहा समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें कुशवाहा समाज के सभी सदस्य उपस्थित हुए इस दौरान सर्व सहमति से राजेंद्र कुशवाहा को कुशवाहा समाज का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया है साथ ही अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई है जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कुशवाहा द्वारा संपन्न कराए गए निर्वाचन में सचिव पद पर नंदी कुशवाहा जनकपुर कोषाध्यक्ष पद पर राजेश कुशवाहा गहरा संरक्षक पद पर अनारी लाल कुशवाहा बनाए गए हैं इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से,श्यामू कुशवाहा ,रज्जन कुशवाहा, शारदा कुशवाहा, श्यामलाल कुशवाह, विनय कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा ,हरि किशन ,बाबूलाल कुशवाहा, रामकिशन कुशवाहा,एवं समस्त कुशवाहा बंधुवर उपस्थित रहे निर्वाचित पदाधिकारी को समाज के लोगों द्वारा बधाई दी है तथा संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की है।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** फरियादी संजू चौधरी पिता रतुआ चौधरी उम्र 25 साल निवासी ग्राम अतरहाई के द्वारा थाना गुनौर उपस्थित होकर के ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 21.04.25 को जब वह अपने रिश्तेदारी में ग्राम छिगम्मा में आया था तो रात्रि के समय अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी करके घर के अंदर सो गया था । सुबह देखा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी आसपास देखा ढूंढा तो कुछ भी पता नहीं चला। उसे संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया है फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 176/25 धारा 303(2) ब्न्हस पंजीबद्ध किया गया . प्रकरण वाहन चोरी से संबंधित पाए जाने से पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस थोटा के द्वारा चोरी गई



मोटरसाइकिल को थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार को तत्परता से ढूंढने हेतु आदेशित किया गया था । थाना स्तर पर एक टीम गठित करके चोरी हुई मोटरसाइकिल को ढूंढने का प्रयास किया गया पुलिस द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखविर सूचना के आधार पर एक संदेही से पूछताछ की गई जिसे अपना जुर्म स्वीकार किया और चोरी की हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर दिया गया है। आरोपी एक आदतन चोर है जिसके विरुद्ध आसपास के थानों में अन्य चोरी संबंधी मामले पंजीबद्ध है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जिला पन्ना भेज दिया गया है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस थोटा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एसडीओपी गुनौर श्री एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम सहायक उप निरीक्षक नाथूराम पांडे,प्रधान आरक्षक 98 सुरेशचंद्र पांडे , आरक्षक 130 अमन कुशवाहा आरक्षक चालक ब्रिजेश घोसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 23 जून 2025




उप मुख्यमंत्री ने अपने रीवा स्थित अमहिया निवास में स्थानीय जनों से भेंट की तथा उनकी समस्यायें सुनी। उप मुख्यमंत्री ने आवेदकों से प्राप्त समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।



## रीवा का भारतीय सेवा में अप्रतिम योगदान है : लेफ्टिनेंट जनरल

### पूर्व सैनिक देश के विकास में भागीदारी निभाएं : सोनवडे



**रीवा।** श्री कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत ने कहा कि पूर्व सैनिक कभी रिटायर नहीं होता है। पूर्व सैनिक अपने अनुभव और अनुशासन का लाभ सिविल डिफेंस में दें। पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने तथा उनकी समस्याओं को हल करने के लिए भारतीय सेना उनके घर तक जा रही है। साथिया कार्यक्रम, नेशनल वीरांगना सेवा केंद्र, नमन योजना और कॉल सेंटर के माध्यम से पूर्व सैनिकों की हर कठिनाइयां दूर की जा रही हैं। रीवा का भारतीय सेवा में अप्रतिम योगदान है । रीवा में 7500 से अधिक पूर्व सैनिक है। रीवा का सैनिक स्कूल शानदार है। इस स्कूल ने हमें वर्तमान सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष दिए हैं। उनके साथ-साथ सैकड़ो योग्य सैन्य अधिकारी भी रीवा सैनिक स्कूल से सेना को मिले हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि अग्नि वीर योजना युवाओं के लिए बहुत लाभकारी है। अग्नि वीर बनने के बाद जो सैनिक सेवा से बाहर निकलेंगे उन्हें केंद्र सरकार के संस्थानों राज्य सरकार के विभागों और बड़ी-बड़ी निजी कंपनियों में रोजगार के सुनहरे अवसर मिलेंगे। पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रशासन के सहयोग से तहसील और ग्राम स्तर पर शिविर लगाएंगे। रीवा में एक साल के भीतर बड़ी जमीन लेकर सेना की विकसित कैंटीन बनाई जाएगी जहां पूर्व सैनिकों को हर आवश्यक वस्तु मिल सकेगी।

समारोह में प्रभारी कलेक्टर डॉक्टर सौरभ सोनवणे ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियां हम सबके लिए सम्मान और श्रद्धा का केंद्र है। पूर्व सैनिक जिस तरह सेना में शानदार योगदान दे रहे थे वैसे ही जिले के विकास कार्यों में भी अपना योगदान दें। रीवा का सैनिक स्कूल विंध्य के लिए बहुत गौरव की बात है। इस सैनिक स्कूल के दो पूर्व छात्र आज देश की थल सेना और नौसेना की कमान संभाल रहे हैं। पूर्व सैनिकों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सैनिक और वीर नारियों का त्याग और बलिदान हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है ।पूर्व सैनिक सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण देने में सहयोग करें। समारोह में पूर्व विधायक तथा पूर्व सैनिक श्री लक्ष्मण तिवारी ने सेना द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किये जा रहे हैं प्रयासों की प्रशंसा की। श्री तिवारी ने सैनिक स्कूल परिसर की जमीन पर खेती करने तथा पूर्व सैनिकों के लिए क्लब गठन का भी सुझाव दिया।

समारोह में सेना भरती कार्यालय जबलपुर के कर्नल गगन नारंग ने अग्नि वीर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से युवाओं को निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग, उच्च शिक्षा के अवसर ,चार साल में लगभग 12 लाख रुपए का आर्थिक लाभ और अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर मिलता है। ऑपरेशन सिंदूर में भी 3000 अग्निवीर सैनिक भारतीय सेना के साथ तैनात रहे।

समारोह में सैनिक कल्याण और पुनर्वास के लिए संपर्कों की जानकारी देने वाली पुस्तिका का विमोचन किया गया। समारोह में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले शहीदों की माता तथा वीर नारियों को श्रीफल शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट ने स्वागत गीत और वीर जवानों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये । समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई गई। समारोह में पूर्व सैनिकों के कल्याण की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। समारोह में दो पूर्व दिव्यांग सैनिकों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। समारोह में सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री चौधरी ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव कर्नल सुरेंद्र कुमार, ब्रिगेडियर भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अधिकारी भूतपूर्व सैनिक और शहीदों के परिजन उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का किया शुभारंभ

### ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का मिलेगा लाभ : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन में ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का लाभ मिलेगा। यह सम्मेलन इस क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि साबित होगा। श्री शुक्ल ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का शुभारंभ किया।

माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ के सभागार में आयोजित सम्मेलन में श्री शुक्ल ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में ज्योतिष का विशेष महत्व रहा है। ज्योतिष के माध्यम से सटीक गणना का आकलन करने की विधि सर्वमान्य रही है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिष यात्रा में जो ज्ञान और अनुभव मिलेगें उससे समाज और जनसामान्य का कल्याण होगा। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने रीवा में आयोजित हो रहे ज्योतिष महामंथन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान उपस्थित रहे।

## जिले के सभी मतदान केंद्रों में वृक्षारोपण कर मनाया जाएगा डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस 23 जून को जिले के सभी मतदान केंद्रों में मनाया जाएगा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी जिले के सभी मतदान केंद्रों में गोष्ठी के साथ बृहदवृक्षारोपण किया जाएगा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन के लिए विवेक गौतम को संयोजक राजेश सिंह को सह संयोजक सदस्य तुलसीदास कोल और रविराज विश्वकर्मा को बनाया गया है वहीं भाजपा कार्यालय रीवा में 4:00 बजे डॉ मुखर्जी के कृतित्व एवंव्यक्तित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा जिला संगठन प्रभारी शशांक श्रीवास्तव सभी विधायक उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा किया जाएगा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने सभी मतदान केदो में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहते हुए वृक्षारोपण के साथ भाजपा कार्यालय में आयोजित गोष्ठी मे पहुंचने की अपील की है।

## मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** बीएलओ के क्षमता विकास हेतु शेष रह गए राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जून को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए तहसीलदारों, प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, प्राचार्य एवं व्याख्याताओं को नामांकित करते हुए नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्राम गड़रिया में पानी भराव की समस्या बनी गंभीर, नहीं हो रहा समाधान



**रीवा।** रीवा जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम गडरिया (पोस्ट लोही, जनुहान टोला मार्ग) में लंबे समय से पानी भराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। चाहे गर्मी हो, बरसात या ठंडी, इस क्षेत्र में हमेशा पानी भरा रहता है जिससे ग्रामीणों को रोज़मर्रा की जिंदगी में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामवासियों ने बताया कि वे कई वर्षों से सरपंच से शिकायत कर रहे हैं लेकिन कोई भी स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने 181 हेल्पलाइन और रीवा कलेक्टर को भी शिकायत दी है, लेकिन उन्हें भी कोई सुनवाई नहीं मिली।

181 हेल्पलाइन और प्रशासन की चुप्पी। 181 पर शिकायत दर्ज की गई। लिखित रूप से कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन भी दिया गया। अब तक कोई प्रशासनिक अमला मौके पर नहीं पहुँचा। इस इलाके की मुख्य सड़क अकोला वाली रोड हमेशा पानी में डूबी रहती है। बरसात के मौसम में यह और भी खतरनाक हो जाता है। राहगीरों को चलने में मुश्किल। बाइक और अन्य वाहन फिसलने का खतरा। बच्चों और बुजुर्गों को खासतौर पर समस्या। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले पंचायत चुनाव में सरपंच और स्थायी नेताओं को वोट नहीं दिया जाएगा।

इस समस्या ने ग्राम पंचायत की विकास योजनाओं की पोल खोल दी है। वर्षों से कोई जल निकासी योजना नहीं बनाई गई।

## उप मुख्यमंत्री ने भैरवबाबा मंदिर के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गतदिवस गुढ़ स्थित भैरवबाबा मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर सहित परिसर के सभी निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर हैं शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें ताकि भव्य मंदिर का लोकार्पण कराया जा सके। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे उपस्थित रहे।

## देवेन्द्र पाण्डेय 'वेधड़क' के निधन पर शोक सभा आज

**जून।** बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति, रीवा द्वारा वरिष्ठ कवि, साहित्यकार श्री देवेन्द्र पाण्डेय 'वेधड़क' के निधन पर आज दिनांक 23.06.2025 को दोपहर 2 बजे से एक शोक सभा स्वागत भवन के महाराजा रघुराज सिंह ऐतिहासिक सभागार में आयोजित की गई है। आयोजन समिति की ओर से संस्था के अध्यक्ष जगजीवनलाल तिवारी, सचिव हेमन्त त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह 'गज्जू', डा.राजेश मिश्रा ने नगर के सभी साहित्यकारों, वुद्धजीवियों से शोक सभा में शामिल होने की अपील की है।

## शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा में सामूहिक योग अभ्यास का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के कुशल नेतृत्व और योग शिक्षक श्री संस्कार पाण्डेय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार विविध आसनों एवं ध्यान विधियों का अभ्यास कराया गया। इसमें वृक्षासन, ताड़ासन जैसे शारीरिक संतुलन और स्फूर्ति बढ़ाने वाले आसनों के साथ-साथ सांभवी मुद्रा जैसे ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को मानसिक शांति और आत्मिक चेतना का अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी तथा स्ववित्तीय शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्राचार्य डॉ. अवस्थी ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो सम्पूर्ण विश्व को संतुलित जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है। योग प्राध्यापक श्री संस्कार पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों को नियमित योग अभ्यास हेतु प्रेरित किया और योग के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन ध्यान और शांति पाठ के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने एकाग्र होकर सहभागिता की।

## स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाएं : सांसद

**मऊगंज।** विश्व योग दिवस पर मऊगंज जिला मुख्यालय सहित जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर मऊगंज में आयोजित हुआ। सामूहिक योग कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल सहित, कलेक्टर संजय कुमार जैन, प्रशासनिक अधिकारियों, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के शिक्षकों तथा जनप्रतिनिधियों युवाओं एवं आमजन ने योगाभ्यास किया। देवतालाब के सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय परिसर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम ने वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राजेन्द्र मिश्र, जनप्रतिनिधियों तथा विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सांसद श्री मिश्र ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाएं। योगाभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ मिलते हैं योग तनाव चिंता को कम करने में भी लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि जब स्वस्थ्य व्यक्ति होगा तभी स्वस्थ्य समाज का निर्माण होगा और जब स्वस्थ्य समाज होगा तभी देश का विकास होगा। इसलिए योग एवं प्राणायाम नियमित करें। विश्व योग दिवस पर मऊगंज के सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## जनपद पंचायत सिरमौर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं तनाव मुक्त प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

**रीवा।** जिला प्रशासन रीवा एवं ब्रह्मा कुमारीज़ रीवा के संयुक्त तत्वावधान में जनपद पंचायत सिरमौर के सभागार में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं तनावमुक्त प्रबंधन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बढ़ते नशा प्रवृत्ति को रोकना एवं मानसिक शांति के लिए सकारात्मक सोच और योग का महत्व समझाना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सिरमौर श्रीमती रवीना साकेत जी, एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सीईओ श्री हरीश चंद द्विवेदी जी,कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मा कुमारीज़ , रीवा के वरिष्ठ राजयोग शिक्षक बीके प्रकाश भाई जी ने की। मंच संचालन की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार श्री धर्मेंद्र पांडेय जी ने अत्यंत गरिमामय ढंग से निभाई।

इस नशा मुक्ति कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कर्मचारीगण, एवं ब्रह्माकुमारी परिवार उपस्थित रहे। जिनमें से जनपद सदस्य सियाशरण आदिवासी, अभिषेक त्रिपाठी जनपद सदस्य, गुडिया देवी कोल जनपद सदस्य , और सिरमौर जनपद पंचायत के जनपद सदस्य,सरपंच,सचिव, सहायक रोजगार इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बीके प्रकाश भाई जी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी नशे के जाल में फँसती जा रही है, जिससे उनका भविष्य और स्वास्थ्य दोनों ही खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से मन की शक्ति को जाग्रत किया जा सकता है, जिससे नशे की आदतों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती रवीना साकेत जी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर जन-जागृति के ऐसे प्रयास लगातार करने चाहिए।

सीईओ श्री द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि मानसिक तनाव, क्रोध और असंतोष जैसे मनोभावों को यदि समय रहते नहीं संभाला गया, तो वे नशे की ओर ले जाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त रहने एवं समाज में इस संदेश को फैलाने की प्रेरणा दी।

## ब्रह्मा कुमारीज द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रीवा।** ब्रह्मा कुमारीज़ मुख्यालय माउंट आबू से लेकर ब्रह्मा कुमारीज़ के 140 देशों में 15 हजार से अधिक सेवा केंद्रों में , तथा दिल्ली के लाल किला ग्राउंड में श्वेत समंदर में तब्दील लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला, राजयोगिनी बीके आशा बीके भाई बहन सैकड़ों की संख्या में 25000 हजार, साथ ही देशभर में 21 जून विश्व योग दिवस बड़ी ही कुशलता के साथ योग को जीवन का अंग बनाकर मनाया गया।

ब्रह्मा कुमारीज़ रीवा के अंतर्गत सभी सेवाकेंद्रों जिनमें ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र इंदिरा नगर, कोष्ठा सेवाकेंद्र के माध्यम से ओनिश इंटरनेशनल आश्रम पुरैना, चाकघाट, मनगवां, देवतालाब,मऊगंज, हनुमना, गुड़, गोविंदगढ़, बैकुंठपुर, छिजवार, सेमरिया आदि ने विश्व योग दिवस मनाया। ब्रह्मा कुमारीज़ रीवा की तरफ से कुटुम्ब न्यायालय में श्री अविनाश चंद्र तिवारी प्रधान न्यायधीश तथा उनकी पूरी टीम को बीके बहनों द्वारा राजयोग का अभ्यास कराया गया।

तथा सामूहिक विश्व योग मार्तंड स्कूल में ब्रह्मा कुमारीज़ भाई एवं बहन ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर योग के प्रति अपनी खुशी जाहिर की। भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 11 वा विश्व योग दिवस पूरे विश्व भर में मनाया गया।

रीवा योग कार्यक्रम में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल जी मध्य प्रदेश शासन, संभागायुक्त श्री बाबू सिंह जामोद, श्री गौरव राजपूत पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा, तथा पूरा जिला एवं पुलिस प्रशासन, सामाजिक संगठन, स्कूल जगत आदि सभी ने सामूहिक योग किया।

योग भारत की प्राचीन संस्कृति और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को दर्शाता है। योग केवल व्यायाम नहीं, शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग है। समस्याओं से घिरी दुनिया के लिए आज आशा का दीपक बन गया है योग।

इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है – एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य। हम सब संकल्प लेते हैं कि इसे अपने निजी जीवन में अपनाकर स्वस्थ और जागरूक जीवन जीएंगे। अंत में सामूहिक रूप से सभी को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा कराई गई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833